वर्ष : 34 | अंक :16 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, सोमवार, 24 मार्च 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल



सलमान की 'सिकंदर' के साथ धूम मचाएंगे इमरान हाशमी

पेज -7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

विप के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



पेज - 8

# 28 मार्च को पूरे देश में प्रदर्शन करेंगे किसान



## पंजाब पुलिस के एक्शन के खिलाफ SKM ने किया आह्वान

**एजेंसी | चंडीगढ़**

प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर निशाना साधते हुए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की राष्ट्रीय समन्वय समिति ने पूरे भारत के किसानों से 28 मार्च को देशभर में विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। किसान संघ ने रविवार को बयान में कहा कि एसकेएम की राष्ट्रीय समन्वय समिति पूरे भारत के किसानों से 28 मार्च को पंजाब में किसानों के विरोध प्रदर्शन पर पुलिस की दमनकारी कार्रवाई के खिलाफ पूरे भारत के जिलों में विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान करती है।

### 350 किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था

एसकेएम ने किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और एसकेएम (गैर राजनीतिक) सहित सभी किसान संगठनों और मंचों से साझा मुद्दों पर एकता दिखाने तथा दमन के खिलाफ एकजुट होने के लिए आगे आने का आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के निर्देश पर, पंजाब पुलिस ने जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर सहित 350 किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था।

### पुलिस ने किसानों के टेंट और मंचों को बुलडोजर से गिरा दिया था

बता दें कि पुलिस ने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर आंदोलनकारी किसानों के टेंट और मंचों को बुलडोजर से गिरा दिया और ट्रैक्टर, ट्रॉलियों और अन्य उपकरणों को जबरन हटा दिया। इस बीच, कई किसान नेताओं के साथ हिरासत में लिए गए वरिष्ठ किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को रविवार को जालंधर से पटियाला स्थानांतरित कर दिया गया। पिछले साल 26 नवंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे डल्लेवाल को बुधवार को पंजाब पुलिस द्वारा कई किसानों को हिरासत में लेने के बाद जालंधर में पंजाब आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया। बाद में उन्हें जालंधर में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अतिथि गृह ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि रविवार को किसान नेता को पटियाला के एक निजी अस्पताल में लाया गया।



पंजाब पुलिस ने बुधवार को मोहाली में पंधेर, डल्लेवाल और कई किसान नेताओं को बुधवार को उस वक्त हिरासत में ले लिया था जब वे चंडीगढ़ में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद लौट रहे थे।

# नागपुर में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण



कर्फ्यू हटाया गया

**एजेंसी | नागपुर**

17 मार्च की रात नागपुर में दो समूहों के बीच हिंसा भड़क उठी। हिंसा में एक की जान चली गयी। 20 दोपहिया वाहन, 40 चार पहिया वाहन और 2 क्रेनें जला दी गईं। कई घर जला दिए गए। इस हिंसा मामले में 105 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कुछ नाबालिग लड़कियां भी हैं। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को बताया कि नागपुर शहर में 23 मार्च दोपहर 3 बजे से कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया है।अब शहर में स्थिति पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। शहर में अब कहीं कोई तनाव नहीं है। सभी धर्म के लोग पूरी शांति से रह रहे हैं। नागपुर में कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया है। अब जीवन सामान्य हो गया है। नागपुर पुलिस ने बताया कि 23 मार्च को अपराह्न तीन बजे कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया, लेकिन कुछ स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी बनी रहेगी। यह व्यवस्था संवेदनशील क्षेत्रों में होगी।

### नागपुर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त, पुलिस की कड़ी नजर

पुलिस ने मीडिया को यह भी बताया कि स्थिति के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। नागपुर हिंसा मामले में सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने वाले हामिद इंजीनियर और मोहम्मद शहजाद खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। नागपुर शहर में हुई हिंसा के बाद शहर के बाजार सुनसान हो गए थे। कर्फ्यू के कारण हिंसा प्रभावित इलाकों में पुलिस की मौजूदगी के कारण यातायात ठप्प हो गया, लेकिन अब शहर अपने पुराने गौरव पर वापस आ रहा है।

### कर्फ्यू से 250 करोड़ का कारोबार प्रभावित

यातायात सामान्य होने लगा है, यद्यपि नागपुर पुलिस ने कर्फ्यू हटा लिया है, फिर भी वे स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। पुलिस महल, गांधीबाग और इतवारी इलाकों पर नजर रख रही है, जो नागपुर शहर के सबसे बड़े और सबसे पुराने थोक बाजार हैं। नागपुर में कर्फ्यू के कारण पहले दिन ही करीब 250 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ।

### आगजनी और पथराव की घटनाओं के बाद लगाया गया था कर्फ्यू

नागपुर के महल इलाके में आगजनी और पथराव की घटनाओं के बाद नागपुर के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिए गए थे। इसमें जोन 3 में कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, जोन 4 में सक्करदरा, नंदनवन और इमामवाड़ा तथा जोन 5 में यशोधरा नगर, कपिल नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र शामिल थे। अब ये सभी कर्फ्यू हटा लिये गये हैं। इनमें से कई क्षेत्रों में कर्फ्यू पहले ही चरणबद्ध तरीके से हटा लिया गया है।

न्यूज़ ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले हलचल, TMC नेता बोले- ममता हमारी मेंटर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लंबे समय से सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस (TMC) के वरिष्ठ नेताओं ने एक बार फिर दोहराया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पार्टी की प्रमुख हैं और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी लेफ्टिनेंट हैं, और उन्होंने एक रणनीतिक सत्र के दौरान पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं से अगले साल (2026) राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी करने का आग्रह किया।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख सोशल मीडिया शाखा 'FAM (फियरलेस AITC मेंबर्स) फॉर टीएमसी' की बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री बाबुल सुप्रियो ने वहां पर उपस्थित लोगों से पूछा (जिनमें ज्यादातर सत्तारूढ़ पार्टी के युवा और छात्र विंग के कार्यकर्ता शामिल थे) 'आपकी पार्टी का प्रमुख कौन है – आपका सुप्रीम कमांडर कौन?' जब भीड़ ने ममता बनर्जी का समर्थन किया, तो सुप्रियो ने कहा, 'और सर्वोच्च नेता के विजन को लागू करने वाला लेफ्टिनेंट जनरल कौन है?' युवा दर्शकों ने फिर अपना जवाब दिया, 'अभिषेक बनर्जी', इसके बाद बाबुल सुप्रियो ने कहा, 'तो आपने जवाब दे दिया है। हमारी नेता ममता बनर्जी पार्टी का निरंतर मार्गदर्शन करेंगी और हमें उनका हर समय मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उम्मीद है कि हमारे नेता अभिषेक बनर्जी जिस तरह से नेतृत्व कर रहे हैं, आगे भी वैसा ही करते रहेंगे।'

### दिल्ली से यूपी तक भीषण गर्मी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। दिनभर तेज धूप निकल रही है, जिससे तापमान में वृद्धि हो रही है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ फिर एक्टिव होने वाला है, जिससे पहाड़ी राज्यों में जमकर बादल बरसेंगे। साथ ही मैदानी इलाकों में हीटवेव की स्थित रहेगी। इसे लेकर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने अलर्ट जारी किया है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन मध्य उत्तर प्रदेश और दूसरा पूर्वोत्तर असम के ऊपर स्थित है। नार्थ साउथ ट्रफ लो पश्चिम विदर्भ से दक्षिण तमिलनाडु तक चल रहा है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवात विरोधी परिसंचरण पूर्व और आसपास के पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत तक फैला हुआ है।

# जम्मू कश्मीर के कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

## 2-3 टेररिस्ट छुपे होने की आशंका

**एजेंसी | जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हिरानगर क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियों के बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक जोरदार मुठभेड़ शुरू हो गई है। इस घटना की शुरुआत तब हुई जब गांव सयाल में कुछ संदिग्ध लोगों को देखा गया, जिससे सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। सुरक्षा बलों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान की लॉन्च किया है। सेना, विशेष अभियान समूह (एसओजी), और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) मिलकर रणनीतिक ऑपरेशन को अंजाम दे रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे से जल्द से जल्द निपटा जा सके।



### घने जंगल वाले इलाकों में जॉइंट टीम चला रही सर्च अभियान

सूत्रों के मुताबिक, एक विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर सर्च आपरेशन लॉन्च किया गया है। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के विशेष अभियान समूह की टीमों ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक भारी हथियारों से लैस समूह को रोकने की कोशिश कर रही है और भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। घने जंगलों वाला इलाका होने की वजह से बताया जा रहा है कि ऑपरेशन में समय लग सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, इलाके में 2 से 3 संदिग्ध आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। सुरक्षा बल सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी सुरक्षा चूक न होने पाए और जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके।

### मुठभेड़ वाले इलाके को सेना ने चारों तरफ से घेरा

इलाके के लोगों को भी सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है और उन्हें सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने की अपील की गई है। सुरक्षा बल किसी भी संभावित खतरे का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयारी में हैं और मुठभेड़ वाले इलाके को चारों ओर से घेर लिया गया है।

# बांके बिहारी मंदिर के पास विदेशी महिला से स्नैचिंग

## 99 यूरो और क्रेडिट कार्ड चोरी; CCTV खंगाल रही पुलिस

**एजेंसी | मथुरा**

भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में एक बार फिर चोरों ने एक विदेशी महिला को शिकार बनाया है। बांके बिहारी मंदिर के पास के बाजार में चोरों ने इस महिला से पर्स झपट लिया। इस पर्स में दो क्रेडिट कार्ड, 99 यूरो और पासपोर्ट के अलावा अन्य कीमती सामान रखे हुए थे। पीड़ित महिला ने वृंदावन कोतवाली पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है। अभी कुछ दिन पहले ही वृंदावन में एक विदेशी महिला का पर्स चोरी हुआ था। उसमें महिला ने सोने के जेवर रखे थे।

पुलिस के मुताबिक ताजी घटना इटली की रहने वाली महिला माती दो तेली के साथ हुई है। यह महिला भगवान कृष्ण की भक्त है और 13 मार्च को टूरिस्ट वीजा पर भारत आई और उसी समय से यहां वृंदावन में शीतल छाया क्षेत्र स्थित गिरधर धाम भक्ति मार्ग आश्रम में रह रही है। इस महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार की दोपहर वह ठाकुर बांके बिहारी मंदिर की तरफ बाजार में गई थी, जहां यह घटना हुई है।

### कैंसिल करना पड़ा प्रोगाम



पुलिस को दिए शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसे जरूरी काम से वृंदावन से बाहर जाना था, लेकिन विदेशी मुद्रा के साथ पासपोर्ट चोरी होने की वजह से उसे अपना प्रोग्राम कैंसिल करना पड़ा है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की तहरीर के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। हालांकि अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है।

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के आस पास इन दिनों चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। खासतौर पर यहां चेन, पर्स और मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं हो रही हैं।

# हो सकता है जज साहब ने पैसा उधार लिया हो : अखिलेश

**एजेंसी | लखनऊ**



दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से मिली नकदी को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जज साहब पर भ्रष्टाचार का सवाल नहीं उठ सकता। उन्होंने कहा कि '।।। हो सकता है कि उन्होंने (यशवंत वर्मा ने) पैसा उधार लिया हो, वो पैसा रखा हो। वीडियो को ध्यान से देखिए, उसमें एक भगवा रंग का कपड़ा दिखाई दे रहा है। कई बार आग लगने की घटनाएं हो जाती हैं। ये तो थोड़ी सी रकम ही बरामद हुई है। उत्तराखंड में कई सौ करोड़ रुपये जब्त हुए हैं, लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल पाया कि वह किसका पैसा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन में हिंदुओं के लापता हो जाने के बाद हिंदुओं से झूठ बोल रही है। महाकुंभ में जिन लोगों की जान गई या लापता हो गए, उन्हें सरकार न ढूंढना चाहती है न मुआवजा देना चाहती है। अखिलेश ने पूछा कि क्या ऐसे लोग सनातनी हो सकते हैं? सनातनी लोग तो वो हैं जो दूसरा का दुख अपना दुख समझते हैं। दूसरों की परेशानी को अपनी परेशानी समझते हैं। सत्य का रास्ता ही सनातन का रास्ता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रचार किया गया कि यह डिजिटल महाकुंभ है, अगर ऐसा था तो वहां (महाकुंभ मेला क्षेत्र में) ड्रोन और सीसीटीवी कहां गए? उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले लोग हम पर आरोप न लगाएं, ये झूठे सनातनी लोग हैं, सबसे दुर्भाग्य की बात ये है कि ये लोग इतिहास और नाम ही बदलते हैं। इन्होंने (बीजेपी) सम्राट हर्षवर्धन का एक बार भी नाम नहीं लिया। ये सम्राट हर्षवर्धन का शुरू किया हुआ कुंभ है।



# नूर अहमद की फिरकी में फंसी मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स ने चेपॉक में रौंदा

**डीबीडी संवाददाता | चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स ने IPL 2025 में जीत के साथ आगाज किया है। 23 मार्च को हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेपॉक उसने धमाकेदार जीत हासिल की। सीजन के पहले ही मैच में चेन्नई की टीम ने अपना दबदबा दिखाया। पहले गेंदबाजी और फिर शानदार बल्लेबाजी से मुंबई की टीम को पूरी तरह पस्त कर दिया। CSK के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद चेन्नई के गेंदबाजों ने कहर बरपा दिया और MI की टीम को महज 155 रनों के स्कोर पर रोक दिया। वहीं चेन्नई की टीम ने इस लक्ष्य को आसानी से 5 गेंद रहते हासिल कर लिया। इस तरह उसने पॉइंट्स टेबल में भी अपना खाता खोल लिया है।

### ये रहे जीत के हीरो

चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रवींद्र ने इस चेज को आसान बना दिया। दोनों की पारी की वजह से चेन्नई की टीम को 156 रन के लक्ष्य को हासिल करने में ज्यादा मुश्किल नहीं हुई। गायकवाड़ ने 26 गेंद में 202 के स्ट्राइक रेट से 53 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वहीं रचिन ने 45 गेंद में 144 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 65 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई। लेकिन इस मैच के सबसे बड़ हीरो नूर अहमद रहे। उनकी ही फिरकी में फंसकर मुंबई की टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी।

नूर अहमद ने पहली पारी के दौरान 4 ओवर में महज 18 रन दिए और 4 अहम विकेट झटके। उन्होंने मुंबई के कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा तिलक वर्मा, रॉबिन मिंज और नमन धीर का भी शिकार किया। इस तरह से उन्होंने टॉप और मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर मुंबई के बैटिंग लाइन अप की कमर तोड़ दी। चेन्नई की धीमी पिच पर उनके सामने मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज फंसे रह गए और 8 विकेट के नुकसान पर 155 रन ही बना सके।

# प्रयागराज के मॉडल पर नासिक में भी बनेगा कुंभ मेला प्राधिकरण, सीएम फडणवीस का ऐलान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नासिक में कुंभ की तयारी को लेकर बैठक की और फिर नासिक कुंभ मेला प्राधिकरण बनाने ऐलान किया। त्र्यंबकेश्वर नासिक कुंभ मेले के लिए प्रयागराज कुंभ मेला प्राधिकरण की तरह कुंभ मेला प्राधिकरण बनाया जाएगा और इसके वैधीकरण की तैयारी अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने घोषणा की है कि इस सत्र या अगली बार सदन में मंजूरी दे दी जाएगी। यह प्राधिकरण एक प्रशासनिक प्राधिकरण है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस यह भी साफ कर दिया है कि इस प्राधिकरण में कोई साधु और महंत नहीं हैं।



## कुंभ मेला नासिक और त्र्यंबकेश्वर दोनों जगह आयोजित होगा

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में महाकुंभ की पृष्ठभूमि में एक कानून बनाया गया था, हम भी वैसा ही कानून बनाने जा रहे हैं। हम मेला प्राधिकरण भी बना रहे हैं और उसे पूर्ण कानूनी समर्थन दे रहे हैं। प्रशासन की ओर से त्र्यंबकेश्वर की विकास योजना तैयार कर ली गई है। कुंभ मेला नासिक और त्र्यंबकेश्वर दोनों जगह आयोजित किया जाएगा। हम नासिक कहते हैं क्योंकि लोग नासिक को जानते हैं।' इस दौरे में मुख्यमंत्री फडणवीस ने त्र्यंबकेश्वर मंदिर और कुशावर्त का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने त्र्यंबकेश्वर में उन्होंने ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए और पूर्जा-अर्चना की। रविवार सुबह मंदिर में आरती की।

## नासिक में कुंभ को लेकर क्या है तैयारियां?

नासिक में 11 पुल बनाए जाएंगे और नए घाट बनाए जाएंगे। सीवेज जल उपचार संयंत्र (एसटीपी) का नेटवर्क बनाकर जल शुद्धिकरण किया जाएगा। नासिक कुंभ मेला बस कुछ ही साल दूर है, प्रशासन अभी से तैयारियों में जुट गया है।

नासिक में कुंभ मेला का आयोजन 17 जुलाई, 2027 से शुरू होगा और 17 अगस्त, 2027 को समाप्त होगा। मेले को 300 एकड़ में आयोजित किया जाएगा। प्रयागराज में कुंभ मेला 7,500 हेक्टेयर में फैला हुआ है।

# ठाणे डीएम निजी सहायक पल्लवी के समुद्र में डूबने से दुखद निधन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिला कलेक्टर कार्यालय में सहायक राजस्व अधिकारी और जिला कलेक्टर की निजी सहायक के पद पर कार्यरत पल्लवी सरोदे (उम्र 37) की रविवार को सुबह रायगढ़ जिले में हरिहरेश्वर समुद्र तट पर एक दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई। वह अपने ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय के सहयोगियों के साथ हरिहरेश्वर की यात्रा पर गई थी। वे अचानक समुद्र तट पर लहरों में बह गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना ने ठाणे जिला प्रशासन स्तंभ है।बताया जाता है कि जहां पर पल्लवी नहाने के लिए समुद्र में उतरी थी वहां पर पानी भी बहुत गहरा था और वे इसका अनुमान नहीं लगा सकीं थी। इसके बाद तेज लहरों में वे बह गई।मौजूदा गोताखोरों ने उन्हें पानी से बाहर निकाल कर कृत्रिम सांस देकर बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन देर हो चुकी थी। पल्लवी सरोदे 2012 में ठाणे जिला प्रशासन में लिपिक के पद पर शामिल हुईं। मार्च 2024 में उन्हें सहायक राजस्व अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया। वह वर्तमान में जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे की निजी सहायक के रूप में काम कर रही थीं।ठाणे जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण संबंध रखने वाली, जो सभी को मुस्कुराते हुए मदद करती थीं, बहुत ही अच्छी स्वभाव वाली, मेहनती, ईमानदार, अपने काम में लगनशील और हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखने वाली पल्लवी सरोदे की असामयिक मृत्यु से हर जगह शौहक की लहर व्याप्त है।ठाणे जिला सूचना प्रसारण अधिकारी मनोज सानप ने बताया कि उनकी आत्मा को शांति हेतू जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, जिले के अन्य नगर निगमों के आयुक्त, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, पुलिस अधीक्षक डॉ। डी। स्वामी, साथ ही कलेक्टरेट और ठाणे जिला प्रशासन के विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रार्थना की हैं। पल्लवी सरोदे के परिवार में उनके पति, सास-ससुर और 13 वर्ष का बेटा हैं।



# मुंबई, पुणे समेत महाराष्ट्र में बनेगी ट्रांसजेंडर स्पा

## मसाज सेंटर के लिए गाइडलाइंस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया है कि वह ट्रांसजेंडर स्पा और मसाज सेंटर को नियंत्रित करने के लिए गाइडलाइन तैयार करेगी,जो ट्रांसजेंडर के सम्मान को सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही पुलिस के अनुचित हस्तक्षेप पर लगाम लगाएगी। दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए 12 सदस्यीय कमिटी गठित की गई है। राज्य महाधिवक्ता बिरेंद्र सराफ ने कोर्ट को यह जानकारी दी हैं। दिशा-निर्देश लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं और ऑपरेशन मानकों को निर्धारित करेंगे। गाइडलाइन का उद्देश्य स्पा में काम करने वाले वर्कर के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना है। जस्टिस रेवती मोहिते ढेरे और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने सरकार को 10 जून तक गाइड-लाइन की प्रति कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। बेंच ने कहा, कमिटी दिशा-निर्देशों को अंतिम रूप देने से पहले क्षेत्र से संबंधित सभी हितधारकों के सुझावों को सुने। इस मुद्दे पर कमिटी से दिल्ली सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन और मद्रास हाई कोर्ट के 2019 के फैसले पर गौर करना भी अपेक्षित है।



गृह विभाग के अडिशनल चीफ सेक्रेटरी की अगुआई में कमिटी काम करेगी। राज्य सरकार के नगर विकास, ग्रामीण विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल एज्युकेशन, विधि एवं न्याय विभाग और आयुष डिपार्टमेंट के अधिकारी कमिटी के सदस्य होंगे। आपको बता दें कि 11 मसाज थेरपिस्ट ने इस मुद्दे को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका पर सुनवाई के बाद सरकार का गाइडलाइन बनाने का निर्णय आया है। याचिका में दावा किया गया है कि पुलिस की छापेमारी से स्पा के ऑपरेशन में परेशानी होती है। याचिका के अनुसार, पुलिस इम्मोरल ट्रैफिक ऐक्ट 1956 के तहत मसाज सेंटर के खिलाफ कार्रवाई करती है। इससे उनकी रोज़ी-रोटी कमाने के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

# मानसिक अस्पताल में रोगी महिलाओं के स्वालंबन हेतू ब्यूटी पार्लर कोर्स

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

किसी भी प्रतिकूल परिस्थित परिस्थिति में हमेशा हमें स्वालंबी होना चाहिए क्योंकि 'अपने पैरों पर खड़े हुए बिना इस दुनिया में सरलता से रहना कठिन है।' हालांकि बड़ा सवाल यह है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोग खुद को सशक्त बनाने के लिए क्या कर सकते हैं। उपयुक्त उत्तर की तलाश में, ठाणे क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल ने मानसिक रूप से बीमार महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण पहल शुरू की है। रोटरी क्लब ऑफ मुंबई आर्टिस्ट्स और एनएएसी फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की गई इस पहल के माध्यम से अब तक 30 महिला मरीज प्रशिक्षण के तीसरे चरण तक पहुंच चुकी हैं।ठाणे मनोरोग अस्पताल का लक्ष्य मानसिक रूप से बीमार रोगियों की पहचान करना और उनका इलाज करने के साथ-साथ उनके कौशल का विकास करना है। तदनुसार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ। नेताजी मलिक के मार्गदर्शन में व्यावसायिक



चिकित्सा विभाग इस पहल को क्रियान्वित कर रहा है। अगस्त 2024 से शुरू होने वाला चार-स्तरीय ब्यूटीशियन कोर्स दो-दो महीने की अवधि का है और प्रत्येक स्तर पर 10 महिला रोगियों को प्रशिक्षित किया जाता है। अब तक प्रशिक्षण का तीसरा चरण पूरा हो चुका है। इस प्रशिक्षण में बुनियादी सौंदर्य सेवाएं, फेशियल, मेकअप और हेयर स्टाइलिंग जैसे कौशल शामिल हैं। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है।ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के साथ-साथ मानसिक रूप से बीमार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हस्तशिल्प, त्योहारों और समारोहों के लिए आवश्यक वस्तुएं बनाने तथा अन्य व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। इसके चलते वे इलाज कराते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इस पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए डॉ। हेमांगिनी देशपांडे, डॉ। जानवी केरजारकर, डॉ। अश्लेषा कोली, डॉ। प्राजक्ता मोरे जैसे विशेषज्ञ अथक परिश्रम कर रहे हैं।चिकित्सा अधीक्षक डॉ। गिरीश चंद्र अग्रवाल ने कहा, ₹हम यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलों का क्रियान्वयन कर रहे हैं कि मानसिक रूप से बीमार महिलाएं उपचार के बाद समाज में स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकें और अपने पैरों पर खड़ी हो सकें।' नेताजी मलिक ने कहा। ऐसा माना जा रहा है कि इस प्रशिक्षण से मानसिक बीमारी से ग्रस्त महिलाओं को आत्मविश्वास मिलेगा।

# मुंबई में 24 घंटे के भीतर साइबर अपराध के 100 मामले

## पुलिस ने 1।49 करोड़ रुपये किए सीज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस को शनिवार को एक बड़ी कामयाबी मिली है। मुंबई पुलिस ने हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से दर्ज साइबर धोखाधड़ी की 110 शिकायतों में 24 घंटे के भीतर लगभग 1।49 करोड़ रुपये जब्त किए। एक पुलिस अधिकारी ने ये जानकारी दी। मुंबई पुलिस के साइबर हेल्पलाइन नंबर को निवेश घोटाले, शेयर ट्रेडिंग घोटाले और ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सहित धोखाधड़ी के विभिन्न मामलों की 110 शिकायतें मिलीं। प्रत्येक मामले में, अपराध शाखा ने तेजी से कार्रवाई की और पैसे के आगे हस्तांतरण को रोकने के लिए संबंधित बैंक से संपर्क किया, इस प्रकार कुल लगभग 1।49 करोड़ रुपये जब्त किए। अधिकारी ने कहा कि अगर लोग साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं तो उन्हें तुरंत 1930 हेल्पलाइन से संपर्क करना चाहिए।इससे पहले मुंबई के वर्ली इलाके में एक दर्दनाक हिट एंड रन की घटना सामने आई है, जिसमें एक तेज रफ्तार बाइक ने 85 वर्षीय बुजुर्ग बलराज परमानंद मेहरा को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बलराज को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दादर पुलिस ने इस मामले में आरोपी बाइक चालक की पहचान कर उसे हिरासत में लिया है। दादर पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 16 मार्च की शाम करीब 7:15 बजे हुई। बलराज मेहरा (बिजनेसमैन) अपनी एक निजी प्रॉपर्टी को देख कर पैदल ही घर लौट रहे थे तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बलराज जमीन पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, बाइक चालक रुककर उनकी मदद करने के बजाय मौके से फरार हो गया।

# ट्रक ने 8 वाहनों को कुचला, एक की मौत, तीन घायल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

जलगांव जिले में शिवाजीनगर के पास छत्रपति शिवाजी महाराज फ्लाईओवर पर रविवार को सुबह एक ट्रक ने 8 वाहनों को कुचल दिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन घायलों का इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। पुलिस के अनुसार आज सुबह कार्गो टर्मिनल से सीमेंट की बोरियां लेकर एक ट्रक फ्लाईओवर के ऊपर से गुजर रहा था। इसी समय अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। फ्लाईओवर पर ढलान पर होने की वजह से ट्रक अचानक पीछे की ओर जाने लगा। इससे ब्रेक फेल ट्रक ने पीछे खड़े तीन यात्री रिक्शा सहित पांच दोपहिया वाहनों को कुचल दिया। इस घटना में सुरेश ओसवाल (50), रूपेश गोपाल चौधरी (43), आशा बानो और दो अन्य घायल हो गए। इन सभी को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इनमें से सुरेश ओसवाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य तीन लोगों का इलाज जारी है। इस घटना की छानबीन की जा रही है।

# शहीद दिवस पर भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि



**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

स्वतंत्रता संग्राम के महान शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव का स्मृति दिवस रविवार को 'शहीद दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महापालिका मुख्यालय में भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। महापालिका के मुख्यालय में सूचना और जनसंपर्क विभाग के उपआयुक्त संजय जाधव, महापालिका सचिव किशोर शेळके और सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफळे ने शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना और जनसंपर्क विभाग, संपत्ति कर विभाग, सुरक्षा विभाग और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने भी भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महापालिका द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

# एसटी बस चलाते समय मोबाइल फोन पर क्रिकेट मैच देखने वाला ड्राइवर बर्खास्त

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे मार्ग पर बस चलाते समय मोबाइल पर IPL मैच देखने वाले बस ड्राइवर को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (MSRTC) ने रविवार को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक यह मामला तब सामने आया जब बस में यात्रा कर रहे एक यात्री ने चालक का वीडियो बनाकर राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सर्णाइक को भेज दिया। यात्री ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर भी साझा किया और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित अन्य मंत्रियों को टैग किया। दरअसल यह घटना 22 मार्च को शिवनेरी बस सेवा में हुई, जो मुंबई और पुणे के बीच संचालित होती है।



## नए नियम लागू करने की योजना

मंत्री ने यह भी बताया कि ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों के खिलाफ भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि वो मोबाइल पर मैच या फिल्में देखते हुए वाहन चलाते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग जल्द ही नए नियम लागू करेगा ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## परिवहन मंत्री ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

जैसे ही मंत्री प्रताप सर्णाइक को इस मामले की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत MSRTC के वरिष्ठ अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उनके आदेश पर स्थानीय अधिकारियों ने चालक को सेवा से हटा दिया।

## बस ऑपरेटर पर भी लगा जुर्माना

यह बस सेवा एक निजी ऑपरेटर द्वारा संचालित की जा रही थी। MSRTC ने न केवल चालक को बर्खास्त किया बल्कि संबंधित निजी कंपनी पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसको लेकर मंत्री सर्णाइक ने कहा, 'शिवनेरी सेवा मुंबई-पुणे मार्ग पर एक महत्वपूर्ण बस सेवा है और अब तक यह सेवा दुर्घटनामुक्त रही है। ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, जो यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि MSRTC के तहत काम करने वाली निजी कंपनियों के ड्राइवरों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वो यातायात नियमों का पालन करें।

# लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें: पालकमंत्री बावनकुले

**डीबीडी संवाददाता | नागपुर**

नागपुर जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने आम लोगों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की पहल की है। इसीलिए आज उन्होंने मौदा तालुका के नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस जन संवाद में निराश्रित, विकलांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और युवा सहित सभी वर्गों के नागरिक शामिल हुए और व्यक्तिगत रूप से अपनी मांगें प्रस्तुत कीं। नागरिकों ने नई सड़कें, नौकरियां, कृषि भूमि पर अतिक्रमण, आवास योजनाएं, जल मुद्दे, स्वास्थ्य मुद्दे, खेल, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक सहित कई मुद्दों पर बयान प्रस्तुत किए। उन्होंने इन सभी ज्ञापनों को स्वीकार कर लिया तथा प्रशासन को इनका समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कई आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



### रमाई आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरित

इस अवसर पर चंद्रशेखर बावनकुले ने रमाई आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरित किए, पट्टे वितरित किए, नगर पंचायत के अंतर्गत विकलांग लाभार्थियों को चेक वितरित किए, राज्य प्रायोजित कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत ट्रैक्टर वितरित किए, तथा गोपीनाथ मुंडे शेतकरी आपदा आश्रय योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को निधि वितरित की।

### दादासाहेब कुंभारे की उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण

इस अवसर पर पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, पूर्व विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी और तालुका के विभिन्न हिस्सों से नागरिक उपस्थित थे। कर्मवीर दादासाहेब कुंभारे को नमन मौदा में कार्यक्रम से पहले पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पूर्व सांसद कर्मवीर दादासाहेब कुंभारे की जयंती पर ड्रैगन पैलेस परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मौदा तालुका के नागरिकों के साथ बातचीत

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुनील वानखेड़े और संगीता मानवटकर तथा बाल चित्रकार अचल श्रीराम कटरे को सम्मानित किया गया। कर्मवीर दादासाहेब का सम्पूर्ण जीवन संघर्ष से भरा था। इस अवसर पर पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि उनका कार्य आज भी हम सभी को प्रेरणा देता है और भविष्य में भी देता रहेगा।

# गांव की समस्याओं को हल करने वाले प्रयोग करें: नितिन गडकरी

**एजेंसी | नागपुर**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाना आवश्यक है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन के सभागार में स्कूली छात्रों से बातचीत की। वह उस समय बोल रहे थे। पाय जॅम फाउंडेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फ्यूचर कार्यक्रम का उद्घाटन गडकरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनि, फाउंडेशन के शोएब दर और समन्वयक संजय हरदास उपस्थित थे। गडकरी ने कहा कि जिला परिषद स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने, उन्हें नए प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनकी जिज्ञासा प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करना सराहनीय है।



## जीवन से संबंधित है विज्ञान

गडकरी ने कहा विज्ञान जीवन से संबंधित है। यदि आप जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं तो विज्ञान और प्रौद्योगिकी का ज्ञान आवश्यक है। यहां, हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित कौन से प्रयोग हमारे गांवों या समुदायों की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जुनून भविष्य को बदलने की शक्ति रखता है। गांव और समाज की समस्याओं का समाधान करने वाले और रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रयोग समय की मांग हैं।

## 'वेस्ट टू वेल्थ'

इस बार 'वेस्ट टू वेल्थ' का उदाहरण भी है। गडकरी ने इसे छात्रों को दिया। उन्होंने कहा, "कुछ भी व्यर्थ नहीं है।" यदि आपके पास सही दृष्टिकोण है तो बेकार सामग्री का भी अच्छा उपयोग किया जा सकता है। कच्चा पेट्रोल प्लास्टिक कचरे से बनाया जाता है। सीएनजी का उत्पादन जैविक अपशिष्ट से किया जाता है। पुराने कपड़ों से बने बैगों की अच्छी मांग है। नागपुर में धोटे नाम की एक युवती ने कई लड़कियों और महिलाओं को मेहंदी लगाने का हुनर सिखाया। आज मेहंदी लगाने के कौशल ने बड़ी मात्रा में रोजगार पैदा कर दिया है।गडकरी ने कहा नागपुर में सौ एकड़ भूमि पर लॉजिस्टिक्स एवं कौशल विकास का वैश्विक विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में भी सहमति बन गई है।

# शिवशाही रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए 100 करोड़

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र सरकार शिवशाही रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को गति देने के लिए 100 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देगी। इस प्रोजेक्ट को स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (एसआरए) से संलग्न कर अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा।

मुंबई को झोपड़पट्टी मुक्त बनाने के लिए से शिवशाही रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को साल 1998 में शुरू किया गया था। लेकिन यह प्रोजेक्ट ठप पड़ा हुआ था। इसकी स्थापना मुंबई की झोपड़पट्टियों के पुनर्विकास के लिए की गई थी। इसके तहत, डेवलपर्स को तकनीकी और कानूनी सहायता प्रदान की जाती है, ताकि वे झोपड़पट्टियों का पुनर्वास कर वहां रहने वालों को बेहतर आवास उपलब्ध करा सकें। पात्र निवासियों को अस्थायी रूप से मुंबई उपनगरों में किराए पर घर भी दिए जाते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में इस प्रोजेक्ट की गति धीमी हो गई थी, जिससे कई पुनर्विकास परियोजनाएं अधूरी रह गईं। इस स्थिति को सुधारने के लिए अब एसआरपी ने एसआरए के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट्स को अपने अधीन लेने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

शिवशाही रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के पास अब तक फंड की कमी थी। लेकिन अब 100 करोड़ रुपये की पूंजी सहायता से इसका संचालन सुचारू होगा। इसके अलावा, डेवलपर्स पर बकाया पड़े 98 करोड़ रुपए के किराए की वसूली की भी योजना बनाई गई है। इसके संचालन के लिए तीन कार्यकारी इंजीनियर, आर्किटेक्ट, क्लर्क, कंप्यूटर ऑपरेटर और सामाजिक विकास अधिकारी समेत अन्य पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक अज़ीज़ शेख ने बताया कि इस पहल से अधूरे पुनर्विकास कार्यों को गति मिलेगी और परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक वित्तीय और प्रशासनिक संसाधन जुटाए जाएंगे।

सुशांत सिंह राजपूत मौत मामला

# क्लीन चिट मिलने के बाद रिया चक्रवर्ती ने ली राहत की सांस



**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पेश होने के बाद रिया चक्रवर्ती का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और यह चर्चा का विषय बन गया है। इस मामले में सुशांत की गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर अभिनेता के परिवार ने गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन कोई ठोस सबूत न मिलने के कारण रिया को क्लीन चिट दे दी गई। क्लीन चिट मिलने के बाद रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। इसके बाद रिया ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके बैकग्राउंड में एक अंग्रेजी गाना 'सैटिस्फाइड' इस्तेमाल किया गया है। इस गाने का मतलब है मैं संतुष्ट हूं, जो रिया के भावनाओं को दर्शाता है। इस पोस्ट के बाद कई लोगों ने रिया और उनके परिवार को बधाई दी और उन्हें समर्थन दिया।

सुशांत सिंह राजपूत का निधन 14 जून, 2020 को हुआ था। चार साल चार महीने बाद सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि इस क्लोजर रिपोर्ट में बताया गया कि अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। सुशांत के परिवार ने रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार पर सुशांत सिंह राजपूत के पैसों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था।

नागपुर हिंसा

# कर्फ्यू हटा, संजय निरुपम ने बताया बांग्लादेश कनेक्शन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



नागपुर में हिंसा के छह दिन बाद रविवार को शेष इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। हालांकि, इस घटना को लेकर दावे-प्रतिदावे जारी हैं। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने दावा किया कि हिंसा के पीछे बांग्लादेशी तत्वों का हाथ है और यह पूर्व नियोजित साजिश थी।

### क्या है मामला?

17 मार्च को छत्रपति संभाजीनगर में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान चादर जलाने की अफवाह के बाद पथराव और आगजनी हुई, जिसमें 33 पुलिसकर्मी घायल हुए।

### निरुपम के आरोप

हिंसा के पीछे बांग्लादेशी कनेक्शन होने का दावा। एक आरोपी मुजाहिदीन गतिविधियों के लिए फंडिंग कर रहा था। शिवसेना (उबाठा) के कुछ लोगों पर अलगाववादी समूहों से जुड़ने का आरोप।

### हालात सामान्य, सुरक्षा बरकरार

नागपुर पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल ने कर्फ्यू हटाने का आदेश जारी किया, लेकिन संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त जारी रहेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# मंगलवार से शुरू होगी मुंबई में नाला सफाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



**सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी नजर**

मुंबई में बारिश के दौरान बांढ़ जैसी स्थिति निर्माण न हो इसलिए शहर के नालियों और नालों की सफाई मंगलवार 25 मार्च से शुरू की जाएगी। इस काम पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। मुंबई मनपा प्रशासन ने चयनित सभी ठेकेदारों को कार्य आदेश जारी कर दिए हैं।

मुंबई महानगरपालिका ने छोटे और बड़े नालों की सफाई के लिए आमंत्रित निविदाओं की जांच पूरी कर ली है। मुंबई शहर और उपनगरों के लिए कुल 23 ठेकेदारों को कार्य आदेश जारी किए गए हैं। कचरा हटाने का काम मंगलवार, 25 मार्च 2025 को शुरू होगा। मीठी नदी की सफाई के लिए कार्य आदेश अगले सप्ताह जारी किया जाएगा और कचरा निकालने की प्रक्रिया तुरंत शुरू हो जाएगी। मनपा प्रशासन ने नालों से कचरा निकालने के काम के लिए फोटो के साथ 30 सेकंड का वीडियो लेना अनिवार्य किया है। छोटे नालों से कीचड़ निकालने से पहले और बाद में सीसीटीवी कैमरे से फिल्मांकन करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन सभी रिकॉर्डिंग या वीडियो का विश्लेषण कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली के आधार पर किया जाएगा। इससे नालों से कचरा निकालने के काम में और अधिक पारदर्शिता आएगी। छोटे नालों की सफाई के लिए 19 मार्च 2025 को कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं। बड़े नालों की सफाई के लिए कार्य आदेश 22 मार्च 2025 को जारी किए गए हैं।

मुंबई में हर साल मानसून से पहले मनपा के स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज विभाग के माध्यम से बड़े नालों से कीचड़ निकाला जाता है, जबकि छोटे नालों की सफाई की जिम्मेदारी प्रभागीय कार्यालयों (वार्ड) की होती है। नालियों की सफाई से बरसात के मौसम में जल निकासी में तेजी आती है। हर साल नालियों से कितना कचरा निकालने की आवश्यकता है, इसका अध्ययन करके लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। हर साल नाला सफाई में तीन चरणों में की जाती है। मानसून से पहले कचरा निकाला जाता है। इस वर्ष अप्रैल और मई 2025 के दो महीनों में नालों में मौजूद कुल कचरे का 80 प्रतिशत हिस्सा निकाला जाएगा, जबकि 10 प्रतिशत मानसून के मौसम में और शेष 10 प्रतिशत मानसून के मौसम के बाद हटाने की योजना है।

मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने निर्देश दिए हैं कि नालों से कचरा निकालने का काम निर्धारित समय में पूरा किया जाए, काम में तेजी लाने के लिए जहां आवश्यक हो वहां अतिरिक्त मानव शक्ति और मशीनरी तैनात की जाए। कार्य की निगरानी व कचरा निकालने के कार्य में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष अनुबंधों में सख्त नियम व शर्तें शामिल की गई हैं।

# शराब तस्कर ने बाइक सवार पुलिसकर्मियों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल




**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में शराब तस्कर को पकड़ने के दौरान आरोपी संजय शिवंकर ने पुलिसकर्मियों की बाइक को लात मारकर गिरा दिया। इस हादसे में एक कांस्टेबल भगवत गिरी की मौत हो गई। वहीं, दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में रविवार को एक शराब तस्कर को पकड़ने की कोशिश के दौरान हुए हादसे में एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक घटना जिले के चिखली तहसील के अंतर्गत आने वाले शेलगांव अतोल गांव के पास हुई। वहीं, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, बुलढाणा जिले के अंडेरा पुलिस स्टेशन में तैनात कांस्टेबल भगवान गिरी और राम आंधले रविवार को गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि संजय शिवंकर नाम का एक शराब तस्कर अवैध शराब की खेप लेकर शेलगांव अतोल की ओर आ रहा है। इस पर दोनों पुलिसकर्मियों ने अपनी बाइक से उसका पीछा किया। जैसे ही पुलिस ने संजय शिवंकर को अपनी बाइक पर आते देखा, उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन तस्कर ने भागने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया, तो उसने अपनी बाइक से कांस्टेबल भगवान गिरी और राम आंधले की बाइक को लात मार दी। अचानक हुए इस हमले से भगवान गिरी बाइक का संतुलन खो बैठे और उनकी गाड़ी पेड़ से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में भगवान गिरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कांस्टेबल राम आंधले गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी संजय शिवंकर को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की हत्या की धाराओं और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बीएमसी चुनाव से पहले राज ठाकरे ने मनसे में किया फेरबदल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



आगामी मुंबई महानगरपालिका (मुंबई नगर निगम) चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को पार्टी में बड़े बदलाव किए गए हैं। राज ठाकरे ने पहली बार मनसे मुंबई अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मनसे प्रवक्ता संदीप देशपांडे को सौंपी है। इसी तरह राज ठाकरे ने अपने बेटे अमित ठाकरे को सभी शाखा अध्यक्षों की जिम्मेदारी सौंपी है।

मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को मुंबई में मनसे पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद राज ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि मनसे को आगामी नगर निगम चुनाव के मद्देनजर संगठन में बड़े बदलाव किए गए हैं। केंद्रीय समिति की जिम्मेदारी नितिन सरदेसाई को सौंपी गई है। जिन लोगों को नई जिम्मेदारी सौपी गई है, अगर उनका काम संतोषजनक नहीं रहा तो फिर से इन पदों पर किसी अन्य को जिम्मेदारी दी जाएगी।

मनसे प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने बताया कि नगर निगम चुनावों की पृष्ठभूमि में मुंबई में नए पदों का सृजन किया गया है। मनसे नेता बाला नांदगांवकर को केंद्रीय समूह अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। मुंबई में विभाग अध्यक्षों को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय समिति का नेतृत्व नितिन सरदेसाई करेंगे। बाला नांदगांवकर और अविनाश अभ्यंकर को मुंबई मनसे की केंद्रीय समिति का अध्यक्ष चुना गया है। नगर निगम चुनावों में समूह अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए राज ठाकरे ने नांदगांवकर और अभ्यंकर जैसे अनुभवी नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है। संदीप देशपांडे ने कहा कि पार्टी ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। राज ठाकरे ने बहुत भरोसा दिखाया है। मनसे का मिशन मुंबई महानगरपालिका आज से शुरू हो गया है।

# बाघ हमलों पर रोक के लिए विशेष योजना

## 3 महीने में रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

गडचिरोली जिले में बाघ के बढ़ते हमलों से हो रही मानव हानि को रोकने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अध्ययन कर तीन महीने के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। इस योजना के तहत, पिछले पांच वर्षों में बाघ हमलों में मारे गए लोगों के परिवारों को विशेष मुआवजा देने, अतिरिक्त बाघों के स्थानांतरण और जंगलों में भोजन श्रृंखला को संतुलित करने के उपायों पर जोर दिया गया है। नागपुर में 'मित्रा' संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रविण परदेशी की अगुवाई में वरिष्ठ वन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक शोमिता बिस्वास सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रमुख निर्णय

**विशेष मुआवजा:** बाघ हमलों में मारे गए 50 से अधिक नागरिकों के परिवारों को राहत दी जाएगी।

**अभयारण्यों में सुधार:** चपराला और प्राणहिता अभयारण्यों में घास क्षेत्र बढ़ाकर शिकारियों के लिए भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**वन पाटिल नियुक्ति:** गांवों में वन्यजीव सुरक्षा के लिए पुलिस पाटिल की तर्ज पर वन पाटिल नियुक्त किए जाएंगे।

**CBG गैस प्लांट:** स्थानीय लोगों को जंगल में जाने से रोकने के लिए CBG गैस प्लांट स्थापित किया जाएगा।

**पुनर्वास योजना:** चपराला अभयारण्य के 6 गांवों के पुनर्वास के लिए सामाजिक और आर्थिक अध्ययन किया जाएगा।

**विशेषज्ञों की नियुक्ति:** मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने निर्देश दिए कि वृद्ध एवं हिंसक बाघों के स्थानांतरण के लिए नीति तैयार की जाए, जिससे मानव हानि को रोका जा सके।

# बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता का मुंबई प्रवास



**मुंबई।** मुंबई प्रवास के दौरान बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता एवं बिहार प्रदेश भाजपा क्षेत्रीय प्रभारी जितेंद्र नीरज कामोठे में साईं सरस्वती मंदिर में सदीच्छा भेद दी एवं दर्शन- पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बिहार में हो रहे प्रगति और विकास कार्यो से लोगों को अवगत कराया।

साथ ही सभी श्रोताओं को महाराज शिवाजी महाराज के दिखाए हुए रास्तों पर चलने के लिए कहा और आगामी बिहार विधानसभा के चुनाव के दौरान बिहार के सभी मतदाताओं को बिहार में आकर के वोट देने की अपील की। केबिनेट मंत्री ने सरस्वती मंदिर में चल रहे धार्मिक कार्यों की विशेष सराहना की। मंदिर के अध्यक्ष ए.के. सिंह ने मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी मंत्री जी को दिया।

कार्यक्रम के दौरान बीजेपी नेता राजेश म्हात्रे ने कामोठे में सभी हिन्दी भाषी लोगों को परिवार का हिस्सा बताते हुए हर संभव मदद व सहयोग करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव पं. राघव शरण ने सभी अतिथियों का परंपरागत रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर लिटिल होम स्कूल के डायरेक्टर विजय प्रताप सिंह, बीजेपी नेता जितेंद्र तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, बड़े लाल मिश्रा, ममता यादव, टी.पी. चतुर्वेदी, श्याम सिंह, सुनील झा, उपासना त्रिपाठी, विरेश्वर तिवारी, जगदीश साहू, किरन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# ईस्टर्न- वेस्टर्न एक्सप्रेस वे का सफाई अभियान पूरा



**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका द्वारा ईस्टर्न- वेस्टर्न एक्सप्रेस वे पर चलाया गया सफाई अभियान छह दिनों बाद पूरा कर लिया गया है। इस स्वच्छता अभियान में 79 किमी सड़क की सफाई की गई है और कुल 158.5 टन मलबा, 35.4 टन कचरा व 24.5 टन कबाड़ का निपटारा किया गया है।

ईस्टर्न एक्सप्रेस वे पर सायन से और पश्चिमी एक्सप्रेसवे पर बांद्रा से सफाई का काम शुरू किया गया था। लगातार छह दिनों तक रोजाना रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सफाई अभियान चलाया गया था। ईस्टर्न एक्सप्रेस वे पर सायन से घाटकोपर, घाटकोपर से विक्रोली, विक्रोली से मुलुंड चेक प्वाइंट और वेस्टर्न एक्सप्रेस वे पर बांद्रा से अंधेरी, अंधेरी से कांदिवली 90 फीट रोड, कांदिवली 90 फीट रोड से दहिसर चेक प्वाइंट तक सफाई की गई। मनपा के ठोस कचरा प्रबंधन विभाग द्वारा चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान में महामार्गों, सर्विस रोड और बस स्टॉप की सफाई की गई है। विशेष सफाई अभियान पूरा हो चुका है, लेकिन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा दोनों महामार्गों पर नियमित सफाई जारी रहेगी।

मुंबई मनपा के अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में ईस्टर्न व वेस्टर्न एक्सप्रेस वे के किनारे सर्विस रोड, रैम्प, दिशा सूचक चिह्नों, वृक्षों के तने व बाड़ों की सफाई व पेंटिंग, बस स्टॉप की सफाई, बैठने की व्यवस्था, अवरोध व कूड़ा-कचरा हटाना, सड़क पर बाधा बन रहे लावारिस/छोड़े गए वाहनों के साथ अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड हटाना, फुटपाथों पर लगे पेवर ब्लॉक व डिवाइडरों की मरम्मत व पेंटिंग आदि शामिल थे। इस अभियान में मैकेनिकल पावर स्वीपर, लिटर पिक्स, मिस्टिंग मशीन, डंपर और पानी के टैंकरों सहित कुल 16 यांत्रिक सफाई संयंत्रों की मदद ली गई।

**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**

पाणी पुरवठा विभाग

**निविदा सूचना क्र.४४/२०२४-२५**

आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्रातील ६ (सहा) कामाकरीता योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत (सी.पी.डब्ल्यू.डी/सार्वजनिक बांधकाम महाराष्ट्र शासन/सीडको/बृहन्मुंबई महानगरपालिका /रेल्वे/मजीप्रा) कंत्राटदाराकडून निविदा मागवीत आहे.

कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २४/०३/२०२५ ते ०१/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि. ०१/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि. ०२/०४/२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल.

कोणतीही निविदा किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता नाकारण्याचा अधिकार आयुक्त कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका यांनी राखुन ठेवला आहे व त्यांचा निर्णय कायदेशीररीत्या सर्व निविदांसाठी बंधनकारक राहील.

जा. क. कडोंमपा/जसंवि/मुका/ ३०१
दिनांक- २१/०३/२०२५

हस्ता/-
शहर अभियंता
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# महंगी पड़ेगी किसानों की गिरफ्तारी

एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने लगभग 100 किसान नेताओं की गिरफ्तारी कर शंभू-खनौरी बॉर्डर खाली तो करा दिया है लेकिन अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों को गिरफ्तार करना न केवल केन्द्र सरकार को महंगा पड़ेगा बल्कि पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रति भी किसानों में नाराज़गी बढ़ेगी। पंजाब सरकार का यह कदम इसलिये हैरत में डालता है क्योंकि जहां एक ओर आप का समर्थन शुरू से ही किसान आंदोलन को रहा है, तो वहीं कुछ माह पहले सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने कहा था कि किसानों को हटाने या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने से देश भर के किसानों में असंतोष फैलेगा जिससे स्थिति बेकाबू हो सकती है। इस कार्रवाई के बाद आंदोलन के और तेज होने का अनुमान है क्योंकि किसान नेताओं ने ऐलान किय़ा है कि वे अंतिम सांस तक लडेंग़े। अचानक हुई इस कार्रवाई से यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या केन्द्र सरकार पंजाब सरकार के कंधे पर रखकर बन्दूक चला रही है? किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को चंडीगढ़ में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केन्द्र सरकार के अधिकारियों से चर्चा कर लौट रहा था तभी उन्हें मोहाली में गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही पंजाब पुलिस के सैकड़ों जवानों द्वारा आंदोलन स्थल खाली कराने का एक्शन किया गया। इस कार्रवाई में जेसीबी और बुलडोज़रों का इस्तेमाल हुआ। अनशनकारी व उनके समर्थन में बैठे किसानों के टेंट भी उखाड़ दिये गये। किसान मजदूर मोर्चे का कार्यालय, मंच और कच्चे-पक्के निर्माण ध्वस्त हो गये। पुलिस का दावा है कि सुबह तक पूरा क्षेत्र खाली हो जायेगा। समीपवर्ती इलाकों की इंटरनेट सेवाएं बन्द कर दी गयी हैं। लगभग 100 गिरफ्तार लोगों में सरवन सिंह पंढेर तथा जगजीत सिंग डल्लेवाल भी हैं जो आंदोलन के शीर्ष नेता हैं। पंजाब के वित्त मंत्री ने जले पर नमक छिड़कते हुए कहा है कि 'जिन राजमार्गों पर किसानों ने पिछले कई माह से आंदोलन जारी कर रखा है, वह नागरिकों के आवागमन में बाधा पहुंचा रहा है। ये राजमार्ग प्रदेश की जीवन रेखाएं हैं। किसानों द्वारा इन्हें अवरूद्ध करने के कारण उद्योग एवं व्यवसायों पर बुरा असर पड़ रहा है।' उनका यह भी कहना है कि 'इससे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहे हैं।'
पिछले वर्ष 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने निकले किसानों को जब रोका गया था तो उन्होंने शंभू-खनौरी बॉर्डर पर धरना दे दिया था। तब से यह आंदोलन वहां जारी था। एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार किसानों को उनके उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मांग को लेकर देश भर के कई किसान संगठन आंदोलनरत हैं। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त, 2020 से 11 दिसम्बर, 2021 तक देश भर में किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन केन्द्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुआ था। इन कानूनों को वापस लेते हुए मोदी ने यह भी कहा था कि 'वे किसानों से केवल एक फोन कॉल की दूरी पर हैं। वे इस मामले पर कभी भी चर्चा करने के लिये तैयार हैं।' कई माह ठहरने तथा अधिकारियों से कई राउंड की बातचीत के बाद भी सरकार द्वारा कोई फैसला न लेने के कारण किसानों को फिर से सड़कों पर उतरना पड़ा है। साफ है कि केन्द्र सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश वाला एमएसपी लागू नहीं करेगी क्योंकि मोदी के कारोबारी मित्रों की फूड प्रोसेस इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर उतरने की तैयारी है जिसके लिये ज़रूरी है कि किसानों के उत्पादों को कार्पोरेट के हाथों तक सस्ते दामों में पहुंचाया जाये। जो तीन कृषि कानून पास किये गये थे और किसानों के दबाव में वापस लिये गये, उनका मकसद देश की सुदृढ़ मंडी व्यवस्था को खत्म कर खाद्यान्नों पर उद्योगपतियों का पूरी तरह से आधिपत्य स्थापित करना था। इसलिये मोदी के लिये यह सम्भव नहीं है कि स्वामीनाथन की सिफारिश वाले सी-2 फार्मूले के अनुसार एमएसपी प्रदान करें जिससे किसानों का लाभ दोगुना हो। ऐसा करने पर कृषि उत्पादों पर कारोबारियों का वर्चस्व नहीं हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि मोदी ने वायदा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दी जायेगी। निजी हाथों में फसलों को बेचकर यह सम्भव नहीं है।

# सब्सिडी कवच लैस अमेरिकी उत्पादों से व्यापार युद्ध



देविंदर शर्मा

जब हाल ही में मैंने पढ़ा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक हैड ने विशेष तौर पर भारत से कहा है कि वह अपना बाज़ार अत्यधिक सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खोले, तो इस पर, मुझे विश्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री निकोलस स्टर्न के बोल याद आ गए, जो उन्होंने उस समय देश में अपनी यात्रा के दौरान कहे थे, संक्षेप में कुछ यह था 'मैं सहमत हूं कि अमेरिकी किसानों को जिस मात्रा की सब्सिडी मिलती है, वह एक प्रकार से पाप है, लेकिन यदि भारत अपना बाजार नहीं खोलता, तो यह आपदा का नुस्खा होगा।' एन्न वेनमैन (जिनका कार्यकाल जॉर्ज बुश जूनियर के समय 2001-2005 तक था) से शुरू होकर कुछ इसी किस्म का दोगलापन अमेरिका के एक के बाद एक आए कृषि मंत्री समय-समय पर दिखाते रहे हैं। मुझे याद आ रहा है कि किस प्रकार उन्होंने वाशिंगटन डीसी में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) में अपने संबोधन में बेशर्मी से विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री की उस मूर्खतापूर्ण दलील (जो कि हास्यास्पद भी थी) का समर्थन किया, जिसमें भारत कृषि मंडी को जबरदस्ती खोलने की बात कही गई थी।
दरअसल, एक समय ऐसा भी आया जब अमेरिका के कम-से-कम 14 कृषि फसल निर्यात समूहों ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) को पत्र लिखकर भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के नाम पर फसल-विशेष को दिए जाने वाले मूल्य संरक्षण की ऊपरी सीमा तय करवाने की मांग की ताकि अमेरिकी निर्यात की भारत में राह खुल सके।
इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए अवांछित व्यापार युद्ध से मैं हैरान नहीं हूं। यह एकदम जाहिर है कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में लंबे समय तक चली बहुपक्षीय वार्ताओं से जो कुछ अमेरिका हासिल नहीं कर पाया, उसकी प्राप्ति के वास्ते अब ट्रंप की अरबपति मित्र मंडली विकासशील देशों को घुटनों पर लाने की गलत सलाह दे रही है। लेकिन कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अब अवज्ञा में खड़ी होने लगी हैं, मैं नहीं चाहूंगा कि भारत ऐसा कुछ दिखाए कि यदि उसे कुछ झुकने के लिए कहा जाए, तो ऐसा आभास दे कि वह रेंगने तक को राजी है।
यहां मैं एक और कहानी सुनाना चाहूंगा। कुछ साल पहले, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने टिप्पणी की थी कि चीन के 'खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड' के कारण अमेरिका उसके साथ व्यापार नहीं करेगा। अगले दिन मैंने संयोग से बीबीसी टीवी चैनल चालू किया, जहां एक पत्रकार तत्कालीन चीनी राष्ट्रपति से पूछ रहा था : 'अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा व्यापार रोकने वाली धमकी पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है।' उनका जवाब भी उतना ही रूखा था : 'अमेरिका के साथ व्यापार? जब हमने 4,000 साल से ज़्यादा अमेरिका के साथ व्यापार किया ही नहीं, तो इससे अब क्या फ़र्क पड़ने वाला है?' इस बयान के अगले दिन ही अमेरिकी व्यापार और उद्योग जगत अपने राष्ट्रपति द्वारा चीन के साथ व्यापार बंद करने के आह्वान के विरुद्ध लामबंद हो गया। आखिरकार बिल क्लिंटन को घरेलू उद्योग लॉबी के सामने झुकना पड़ा और उन्होंने फिर कभी इस मुद्दे को नहीं छेड़ा। नए टैरिफ युद्ध वाले मुद्दे पर फिर से लौटेते हैं, भारत में अमेरिकी कृषि उत्पादों के प्रवेश पर नियंत्रण व्यवस्था होने की वजह से ट्रम्प हमारी आलोचना वैश्विक 'टैरिफ किंग' का ठप्पा लगाकर कर सकते हैं (अमेरिका के 5 प्रतिशत आयात शुल्क के मुकाबले भारत का औसतन आयात शुल्क लगभग 39 प्रतिशत है), लेकिन वास्तविकता यह है जो शुल्क भारत ने लगा रखा है, वह विश्व व्यापार संगठन के उस प्रावधान के अनुरूप है जिसमें टैरिफ दर किसी देश के विकास की श्रेणी और व्यापार संहिता में वर्णित 'विशेष एवं विभेदक व्यव्हार' नामक आकलन के आधार पर है, सनद रहे कि भारत किसी भी अवस्था में विश्व व्यापार संगठन द्वारा निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर रहा। भारत के अपेक्षाकृत उच्च शुल्क उक्त संगठन के नियमन में अंतर्निहित व्यापारिक सिद्धांतों पर आधारित हैं, न कि किसी की व्यक्तिगत सनक अथवा कल्पना से चालित। दूसरी ओर, वास्तव में समस्या अमेरिका द्वारा कृषि के लिए दी जाने वाली भारी सब्सिडी है। इतनी ज्यादा कि 21 जुलाई, 2006 की फाइनेंशियल टाइम्स में लिखते हुए, यूरोपीय संघ के तत्कालीन व्यापार आयुक्त पीटर मैंडेलसन ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकासशील देशों का कहना है कि वे अमेरिका के कृषि उत्पाद अधिक आयात करने को तो राजी हैं, लेकिन अमेरिकी कृषि सब्सिडी नहीं।
इस बाबत उन्होंने भारत के तत्कालीन वाणिज्य मंत्री कमल नाथ को उद्धृत किया था : 'हमें अमेरिकी किसानों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कोई एतराज नहीं, लेकिन अमेरिकी खजाने का मुकाबला हम नहीं कर पाएंगे।' सालों-साल अमेरिका ने अपनी कृषि के इर्द-गिर्द बनाए गए भारी सब्सिडी रूपी सुरक्षा दुर्ग को और मजबूत ही किया है। अमेरिकी कृषि विभाग की आर्थिक अनुसंधान सेवा के अनुसार, किसानों और पशुपालकों को प्रत्यक्ष सरकारी कृषि कार्यक्रम के तहत दी जानी वाली सीधी वित्तीय सहायता 2025 में 42.4 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि 2024 के लिए पूर्वानुमान 9.3 बिलियन डॉलर का था। प्रति किसान गणना के आधार पर, अमेरिका अपने हरेक किसान की 26.8 लाख रुपये सालाना जितनी वित्तीय मदद करता है। उदाहरणार्थ, विशेष तौर कपास का मुद्दा, जो कि विश्व व्यापार संगठन वार्ताओं में विवाद का एक मुद्दा बना हुआ है। 2021 में अमेरिका में कपास बिजाई के तहत औसत क्षेत्र 624.7 हेक्टेयर था, और इसको उगाने वाले किसान महज 8,103 थे जिन्हें अमेरिका ने अत्यंत भारी-भरकम सब्सिडी दी (जबकि भारत में कपास की खेती में 98.01 लाख किसान लगे थे)। नई दिल्ली स्थित विश्व व्यापार संगठन के अध्ययन केंद्र द्वारा की गई गणना बताती है कि 2021 में अमेरिकी कपास कृषक को 117,494 डॉलर सालाना वित्तीय सहायता मिली, वहीं इसकी तुलना में, भारत में कपास उगाने वाले किसान को महज 27 डॉलर की मदद मिल पाई। भारत को अपना घर व्यवस्थित करने के लिए कहने की बजाय अमेरिका से अपना कृषि बाजार खोलने के लिए कहने की ज़रूरत है। यह तभी हो सकता है जब अमेरिका से कहा जाए कि पहले वह अपनी कृषि के इर्द-गिर्द बनाया अत्यधिक सब्सिडी वाला दुर्ग ढहाए।

जीवन मंत्र

# डिसिप्लिन आपको सक्सेजफुल बना सकता है

अगर आप आजादी का मतलब सुबह देर से उठना समझते हैं तो इससे दिनभर के काम अस्त-व्यस्त होते है। और अपना ज्यादातर समय बेकार के रोजमर्रा के कामों में बर्बाद कर देंगे।

जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन का होना जरूरी है। आज का युवावर्ग आजादी के बहाने अनुशासनहीनता को अपनाता है। जिससे सफलता नहीं मिलती। सफल होने के लिए आजादी और अनुशासन को एक ही समझें।
आजकल का युवा वर्ग आजादी का मतलब अनुशासनहीनता से लगाता है। जबकि लाइफ में अगर सक्सेजफुल होना है तो डिसिप्लिन का होना बेहद जरूरी है। अनुशासन केवल शिक्षा की उम्र तक ही जरूरी नहीं होती बल्कि इसे पूरी लाइफ अपने साथ रखना चाहिए। जिससे केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि रोजगार के समय भी आप सफल हो सकें। लेकिन दैनिक जीवन में पालन किया जाने वाला डिसिप्लिन आपको सक्सेजफुल बना सकता है। चलिए जानें कैसे अनुशासन में रहना फायदेमंद होता है और लाइफ में आगे बढ़ने में मदद करता है।
अनुशासन और आजादी एक दूसरे के विपरीत नही हैं बल्कि ये एक सिक्के के ही पहलू हैं। अनुशासन और आजादी को बराबर मानना चाहिए। आगे जानें कैसे युवा आजादी को अनुशासनहीनता से जोड़ कर देखते हैं।
जब आप सुबह जल्दी और एक



ही समय पर हर दिन जागते हैं तो आपको दैनिक क्रिया को करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। साथ ही आप सुबह काम पर जाने की जल्दी में नहीं होते। इससे हर काम पूरी तसल्ली और ठीक से कर पाते हैं। अगर आप आजादी का मतलब सुबह देर से उठना समझते हैं तो इससे दिनभर के काम अस्त-व्यस्त होते है। और अपना ज्यादातर समय बेकार के रोजमर्रा के कामों में बर्बाद कर देंगे। जल्दी उठना, जल्दी सोना अनुशासन का ही एक पार्ट है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो आपके पास पर्याप्त समय होता है। जिसे आप एक्सरसाइज या मेडिटेशन करके बिता सकते हैं। रोज की एक्सरसाइज आपकी सेहत को सही रखने में मदद करती है और बीमारियों से दूर रखती है। घर में मां हमेशा घर के बने शुद्ध खाने के खाने के लिए बोलती है। ये भी एक तरह का अनुशासन है। जिसे पालन करने से आप अपनी सेहत को बचाते हैं। आजादी का अर्थ आजकल युवा वर्ग मन मुताबिक खाने को खाने और स्मोकिंग, शराब, गुटखा की लत को समझते हैं। आप जितना शुद्ध फूड खाते हैं, शराब और स्मोकिंग से दूर रहते हैं, हेल्थ बनी रहती है और बीमार होने से बच जाते हैं। क्योंकि बीमार होने और रिकवर होने में जीवन का काफी सारा समय बेकार हो सकता है। जो आपको बाकी लोगों से पीछे कर देगा। जब आप दैनिक जीवन के कामों को पूरे डिसिप्लिन के साथ करते हैं तो आपके पास काफी सारा समय बचता है। जिसका सही इस्तेमाल किया जा सकता है। बचे समय में कुछ नया सीखा जा सकता है।

जीवन ऊर्जा

एलिजाबेथ प्रथमः निधन 24 मार्च 1603

देहावसान

एलिजाबेथ प्रथम का जन्म 7 सितम्बर, 1533 को ग्रीनविच, इंग्लैंड में हुआ था। उनके पिता का नाम हेनरी अष्टम और उनकी माता का नाम ऐनी बोलिन था। एलिज़ाबेथ ने ग्रिंडेल और रोजर ऐश्कम से शिक्षा ग्रहण की जो उस समय के प्रसिद्ध शाही शिक्षक थे। 24 मार्च 1603 को 69 वर्ष की आयु में महारानी एलिजाबेथ प्रथम की सरे, इंग्लैंड में मृत्यु हो गई।

# सबसे पवित्र बनने वाले लोग सबसे ज्यादा अपवित्र होते हैं

एक पवित्र और ईमानदार मन किसी से भी नहीं डरता। उनसे अपने रहस्यो को मत बताओ जिनकी वफादारी और चुप्पी का परीक्षण आपने नहीं लिया हो। मेरा दिल मर्द का है न की औरत का, और मैं किसी से नहीं डरती। साहस रखो, हमारा स्वभाव शेर के जैसा है और हम चुहो जैसी शत्रुओं को निकलने नहीं दे सकते हैं और ये कितने छोटे शिकार हैं। शायद मैं एक शादीशुदा रानी होने की बजाय अकेली भिखारी की तरह रहना चाऊंगी। मैं भगवान से विनती करती हूं कि मैं अपनी प्रजा को धोखा देने के बारे में सोचने के बाद एक घंटा भी जीवित नहीं रह पाऊं। अतीत को बदला नहीं जा सकता। मैं ऐसे पति को नहीं चाहती जो मुझे रानी का सम्मान दें।



यदि वो मुझे एक स्त्री की तरह प्यार नहीं करता। सबसे पवित्र बनने वाले लोग सबसे ज्यादा अपवित्र होते हैं।
मुझे लगता है कि मैंने शिकारी लोमड़ियों को ना कि भेड़ों को द्वीप की रक्षा करने के लिए भेजी थी, क्योंकि उन्होंने मेरे लिए सिर्फ राख और शवो पर शासन करने के अलावा कुछ भी नहीं छोड़ा है। अगर हम अभी भी राय मशवरा करते रहे तो हम कभी निर्णय भी नहीं कर ले पाएंगे।
देश से ज्यादा ऐसा कुछ भी नहीं जिसको लेकर मैं सबसे ज्यादा चिंतित हूं और अगर मुमकिन हो सके तो इसके लिए मैं दसों बार मरने के लिए तैयार हुं। भगवान तुम्हें माफ कर सकता है परंतु मैं तुम्हें कभी नहीं माफ कर सकती।
एक चीज जो रॉयल्टी से बढ़कर है और वो है धर्म, जिसके कारण हम इस दुनिया में मरते हैं और उस ईश्वर की तलाश करते हैं। एलिज़ाबेथ के शासनकाल को एलिज़ाबेथेन एरा यानी एलिज़ाबेथ का युग के नाम से भी जाना जाता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# ब्रह्म मुहूर्त में करें इन देवताओं की आराधना

प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर राम परिवार कृष्णपरिवार लक्ष्मी नारायण शिव परिवार आदि देवी देवताओं की आराधना करना चाहिए। अपनी कुलदेवी देवता की नित्य सेवा करो। नवग्रहों की आराधना अवश्य करो। ये आपके लिए वरदान रूप होते है। आपके अनुकूल ग्रह के मंत्र का नित्य जप और प्रतिकूल ग्रह के विधिपूर्वक उपाय करने से आप रंक से राजा बन सकते है। नित्य कम से कम एक बार संध्यावंदन अवश्य करो। ये हमारे धर्म का अंग है यदि इतना भी नियम से कर लेते है और 1 माला भी इसके साथ कर लेते है तो जीवन की कई मुसीबत दूर हो जाती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

**अगर कोइ विपत्ति**

महा रोग अचानक कोई संकट आजाय कोई शत्रु परेशान करने लगे या नकारात्मक विचार आने लगे बुद्धि खराब होने लगे तो नियम पूर्वक बगलामुखी तारा महाशक्ति की कुछ दिनो तक 11/21/41आराधना करने से आनंद होगा
एक ही इष्ट को पसंद कर लो। जितना विचार करना है कर लो। जितना सोचना है सोच लो मगर एक इष्ट बनाकर फिर पूर्ण समर्पित होकर उनकी सेवा भजन प्रार्थना और उपासना करो। वही



आपके जीवन को बदलेंगे।
कर्म के नियम को याद रखे। आपके कर्म आपको ही भोगने है। कोई भी व्यक्ति साधक या देवता आपके कर्म से आपको मुक्त नही कर सकता है। प्रकृति कर्म के नियम को नही बदलती है। किसी देवता की कृपा से कुछ समय परिवर्तन हो सकता है मगर भोगना तो निश्चित है।
नित्य अपने घर में वेदोक्त मंत्र का जप करो। हमारे वेदों में दिए हुए पवित्र मंत्र का कम से कम 15 मिनिट भी आप जप करते है तो जीवन की कई समस्या समाप्त हो जाती है। वेदों में वर्णित सूक्त सुर देवी देवताओं के मंत्र के जप करो। ये कल्याण करेगा। पुण्य करो। याद रखना जितना आप पुण्य करते है या लोगो का भला करते है उतना ही आपके कर्म उज्ज्वल होते है और वही कर्म आपके जीवन को बदलते है। आपके जीवन में आने वाली मुसीबतों को दूर करते है। साथ ही साथ निःस्वर्थ होकर लोगो का भला करो।
धर्म ग्रंथो का अध्ययन नित्य करो। पुराण और हमारे धर्म ग्रंथ ज्ञान का सागर है। महाभारत,रामायण और श्रीमद भगवद्गीता आदि ग्रंथ दिव्य है। उपनिषद का अभ्यास करने से जीवन बदल जायेगा। ये सब आपके लिए ही कहे गए है। अभी नही करोगे तो कब करोगे जी
सत्य,प्रेम,करुणा आदि आध्यात्मिक गुणों को जीवन में विकसित करो। सद्गुणी व्यक्ति बनो। यदि आपके अंदर सद्गुण होंगे तो आपका जीवन अपने आप सुधार जायेगा। जीवन को बदलने के लिए मेहनत करे। मंत्रोंका सहारा अवश्य ले।

**ईश्वर से प्रार्थना**

याद रखना इसके साथ में यदि आप सख्त मेहनत करते है तो आपके जीवन को बदलने से कोई नहीं रोक सकता है।

शख्सियत | सत्येन्द्र प्रसन्ना सिन्हा

# प्रमुख ब्रिटिश भारतीय वकील और राजनेता



सत्येन्द्र प्रसन्ना सिन्हा, प्रथम बैरन सिन्हा, केसीएसआई, पीसी, केसी, एक प्रमुख ब्रिटिश भारतीय वकील और राजनेता थे। वह बिहार और उड़ीसा के पहले राज्यपाल, बंगाल के पहले भारतीय महाधिवक्ता, वायसराय की कार्यकारी परिषद के सदस्य बनने वाले पहले भारतीय और ब्रिटिश मंत्रालय के सदस्य बनने वाले पहले भारतीय थे। उन्हें कभी-कभी सत्येन्द्र प्रसन्नो सिन्हा या सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा भी कहा जाता है।

सिन्हा का जन्म 24 मार्च 1863 को ब्रिटिश भारत के बंगाल प्रेसीडेंसी में रायपुर, बीरभूम के एक बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था। 1886 में भारत लौटने के बाद, सिन्हा ने कलकत्ता में एक सफल कानूनी प्रैक्टिस की स्थापना की। 1903 में, एक अंग्रेज बैरिस्टर के दावों को दरकिनार करते हुए सिन्हा भारत सरकार के स्थायी वकील बन गए। वह 1905 में बंगाल के एडवोकेट-जनरल के रूप में नियुक्त होने वाले पहले भारतीय थे, इस पद की पुष्टि 1908 में की गई थी। 1908 में उनकी कानूनी प्रैक्टिस इतनी आकर्षक थी कि सरकार के निमंत्रण को स्वीकार करने का मतलब उनकी वार्षिक आय में 10,000 की कटौती थी। वह 1920 में भारत लौट आए और उन्हें बिहार और उड़ीसा प्रांत के पहले राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया। राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल अधिक समय तक नहीं रहा और खराब स्वास्थ्य के कारण वह 11 महीने तक इस पद पर रहे। 1926 में, सिन्हा इंग्लैंड वापस चले गए और लंदन में प्रिवी काउंसिल की न्यायिक समिति में शामिल हो गए लेकिन खराब स्वास्थ्य ने उन्हें भारत लौटने के लिए मजबूर कर दिया। सिन्हा की मृत्यु 4 मार्च 1928 को बरहामपुर में हुई।

सक्सेस मंत्र

## जीवन में आने वाली असफलताएं हमें तजुर्बा देती हैं

इंसान जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत मेहनत करता है। लेकिन जब वह सफल नहीं हो पता है तो निराश हो जाता है, मेहनत करना छोड़ देता है। इस बात को अगर दूसरे नजरिए से देखा जाए तो हमारे जीवन में आने वाली असफलताएं हमें तजुर्बा देती हैं और गलतियां करने से बचाती हैं। इसलिए इंसान को कभी मायूस नहीं होना चाहिए, उसे मेहनत करते रहना चाहिए। एक दिन ऐसा आएगा कि मेहनत का फल सफलता में बदल जाएगा। ऐसी ही कहानी है रोहित की। रोहित ने बड़े उत्साह से परीक्षा की तैयारी की। इसके बावजूद वह टॉप नहीं कर पाया और वह बहुत उदास व निराश रहने लगा। असफलता के गम में उसने पहले की तरह प्रयास करना छोड़ दिया। रोहित की इस परेशानी का पता जब उसके अध्यापक को पता लगा, जो उसके मार्गदर्शक थे तो उन्होंने एक दिन उसे अपने घर बुलाया। उन्होंने रोहित से परेशानी की वजह पूछी। रोहित ने उन्हें बताया की 'उसने दिन रात मेहनत की पर जैसा वो चाहता था वैसे नतीजे नहीं आए इसलिए वो हताश हो चुका है। रोहित की बात सुनने के बाद अध्यापक ने उसे अपने साथ बगीचे में चलने के लिए कहा। वो उसे टमाटर के पौधों के पास ले गए और बोले की इस टमाटर के इस खराब और मरे हुए पौधे को देखो।जब मैंने इस पौधे को बोया था तो मैंने इसे समय-समय पर सही मात्रा मे पानी दिया, खाद भी डाली और कीटनाशक का छिड़काव भी किया, पर फिर भी यह खराब हो गया। तो क्या?, रोहित बोला। इतनी सारी मेहनत, इतना पैसा और समय देने के बाद भी अगर जैसा रिजल्ट हम चाहते हैं वो न मिल पाए तो इतना सब कुछ करने से क्या फायदा है। इसी तरह तुमने मेहनत तो की पर टॉप नहीं कर पाए लेकिन इसका मतलब यह नहीं है की तुम्हारी दिन रात की मेहनत खराब गई और तुम असफल हो गए। परीक्षा देते समय कई चीजें मायने रखती हैं, जिसमें लिखने की स्पीड, तबीयत, मनोस्थिति और भी बहुत कुछ जो सिर्फ मेहनत का पैमाना नहीं है। जो तुमने सीखा वो जिंदगी के हर मोड़ पर काम आएगा । मेहनत करने के बावजूद मनचाहा न मिलने का मतलब यह नहीं है की आप असफल हो गए। इसका मतलब है की आपने सफलता तक पहुचने की एक और सीढ़ी चढ़ी है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़्मिदार)।

# भगवान शिव को बेहद प्रिय है धतूरे का फूल

धतूरे का फूल तो आप सभी ने देखा होगा। बता दें कि यह फूल भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। धतूरे का फूल सफेद, हल्का बैंगनी व पीले रंग का होता है। ज्योतिष शास्त्र में इस फूल का काफी अधिक महत्व बताया गया है। हिंदू धर्म मे हर देवी-देवताओं को अलग-अलग चीजें प्रिय हैं। कुछ ऐसे फूल भी हैं, जो देवी-देवताओं को अत्यंत प्रिय हैं। इस बात का जिक्र पुराणों में भी मिलता है।





ज्योतिष आधार पर भी अलग-अलग फूलों का अलग-अलग महत्व बताया गया है। इनमें से एक धतूरे का फूल है। यह फूल भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है। मान्यता के अनुसार, यदि धतूरे के फूल को आप शिव पूजा में शामिल नहीं करते हैं तो महादेव आपकी पूजा को स्वीकार नहीं करते हैं। बता दें कि धतूरे के फूल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह फूल जंगली होने के साथ ही कहीं भी उग आता है। साथ ही यह जहरीला फूल होता है। इस फूल को प्रसाद के तौर पर ग्रहण नहीं किया जाता है। हालांकि इस फूल का काफी महत्व बताया गया है।

**जानिए कैसा होता है धतूरे का फूल**

वैसे तो धतूरे का फूल सफेद रंग का होता है और सफेद रंग महादेव को काफी पसंद है। धतूरे के फूल में किसी तरह की खुशबू नहीं पाई जाती है। सफेद रंग के अलावा यह फूल हल्का बैंगनी और पीले रंग का भी होता है। बता दें कि यह फूल काफी जल्दी मुरझा जाता है। इसलिए इसको तोड़कर फौरन ही महादेव को चढ़ा देना चाहिए।

**महादेव को क्यों प्रिय है धतूरा और इसका फूल**

पौराणिक कथा के अनुसार, जब समुद्र मंथन के दौरान हलाहल से भरा कलश निकला तो देव और असुर इस सोच में पड़ गए कि इसे कौन ग्रहण करेगा। ऐसे में महादेव ने इस विष को ग्रहण कर लिया था। तभी से धतूरे को हलाहल के प्रतीक के तौर पर भगवान शिव को अर्पित किया जाता है। साथ ही इसका फूल भी महादेव को अतिप्रिय है। इस फूल को प्रसाद के तौर पर ग्रहण नहीं कर सकते हैं। लेकिन प्रसाद के तौर पर आप इस फूल को अपने पास रख सकते हैं।



**धतूरे के फूल का उपाय**

- धतूरे के फूल को कॉपी-किताबों के बीच में रख दें।
- जब यह फूल पूरी तरह से सूख जाए तो आप इसे अपने पास रख सकते हैं। इससे आपके ज्ञान में वृद्धि होती है।
- आप अपनी पैसों की तिजोरी के अंदर भी धतूरे के फूल को रख सकती हैं। इस उपाय को करने से आपको कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा।
- रात में डरावने सपने आते हैं तो आप तकिया ने नीचे धतूरे का फूल रख कर सो जाएं। इससे आपको डरावने सपने नहीं आएंगे और भय भी दूर होगा।
- जब धतूरे का फूल पुराना हो जाए या बिलकुल सूख जाए तो इसे फेंकने की जगह किसी पवित्र नदी में प्रवाहित कर देना चाहिए।

# करियर में सफल होने के लिए धारण करें 5 रत्न



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, लोगों को वहीं रत्न धारण करना चाहिए जो आपकी राशि या आपकी कुंडली के हिसाब से ठीक हो। अगर कोई गलत रत्न धारण कर लिया जाता है तो उसका विपरीत परिणाम भी आ सकता है। गोमेद को राहु ग्रह कारक माना जाता है। इस रत्न में राहु की शक्तियां और उसके सकारात्मक गुण मौजूद रहते हैं। ऐसे व्यक्ति जो इंजीनियरिंग और सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं उनके लिए यह रत्न बहुत ही शुभ होता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार लोगों के जीवन में रत्नों का विशेष महत्व है। यदि लोग अपनी राशि के अनुसार रत्नों को धारण करते हैं तो उनकी किस्मत बदल सकती है। हालांकि, ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, लोगों को वहीं रत्न धारण करना चाहिए जो आपकी राशि या आपकी कुंडली के हिसाब से ठीक हो। अगर कोई गलत रत्न धारण कर लिया जाता है तो उसका विपरीत परिणाम भी आ सकता है। आइए जानते हैं कि राशि के हिसाब से करियर में सफल होने के लिए कौन सा रत्न धारण करना चाहिए।

**ओपल**-ओपल को शुक्र ग्रह का रत्न माना जाता है। ओपल धारण करने से व्यक्ति का जीवन आकर्षक और सुख समृद्धि से भरा रहता है। जो व्यक्ति करियर में आ रही बाधाओं से परेशान है या व्यापार में लिप्त हैं उनके लिए ओपल शुभ माना जाता है।

**पन्ना**-पन्ना को बुध ग्रह का रत्न माना जाता है। ऐसे व्यक्ति जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं या फिर लॉ के क्षेत्र में अपना करियर बनना चाहते हैं उनके लिए यह रत्न बहुत उपयोगी होता है।



**गोमेद**-ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गोमेद को राहु ग्रह कारक माना जाता है। इस रत्न में राहु की शक्तियां और उसके सकारात्मक गुण मौजूद रहते हैं। ऐसे व्यक्ति जो इंजीनियरिंग और सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं उनके लिए यह रत्न बहुत ही शुभ होता है।

**मूंगा**-मूंगा को मंगल ग्रह का रत्न माना जाता है। इसे धारण करने वाले व्यक्ति साहसी और पराक्रमी हो सकते हैं। जो लोग सेना में काम करते हैं या पुलिस अधिकारी और प्रॉपर्टी से संबंधित कार्य करते हैं, उन्हें सफल होने के लिए मूंगा रत्न धारण करना चाहिए।

# प्रेग्नेंसी में इन गलतियों से गर्भ में बंद हो सकती हैं बच्चे की सांसें



प्रेग्नेंसी के दौरान हेल्दी फूड खाना चाहिए और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। इस दौरान एक्टिव रहने का प्रयास करना चाहिए। बता दें कि वेट ज्यादा बढ़ने या ओबीस होने से प्रेग्नेंसी में दिक्कते होने लगती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान वेट लॉस करने की जगह पहले से यदि आप ओवरवेट हैं तो अपने वजन को कंट्रोल करना चाहिए। इसके अलावा प्रेग्नेंसी के दौरान पीठ के बल सोने से स्टिलबर्थ का खतरा दोगुना हो जाता है।

जब गर्भावस्था के 24वें हफ्ते में बच्चे की गर्भ में मौत हो जाती है तो इस स्थिति को स्टिलबर्थ कहा जाता है। यानी की डिलीवरी के समय या इससे कुछ दिन पहले जब गर्भ में बच्चे की मौत हो जाती है तो उसे स्टिलबर्थ कहते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 175 जन्मों में से लगभग 1 बच्चा स्टिलबर्थ की अवस्था में पैदा होता है।

हालांकि पिछले 30 सालों में हेल्थ सेक्टर में सुधार होने के कारण प्रसवपूर्व देखभाल में काफी सुधार हुआ है। जिससे गर्भ में मरने वाले बच्चों की संख्या में कमी आई है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से एक प्रेग्नेंट महिला स्टिलबर्थ के खतरे को कम कर सकती है।

## जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्टिलबर्त के खतरे को कम करने के लिए तमाम तरह की सावधानी बरतने की जरूरत होती है। जिसमें मां की उम्र, कोई जेनेटिक बीमारी, वजन, बीएमआई, मेडिकल विकार, फैमिली हिस्ट्री आदि जोखिम शामिल होते हैं। यदि इन जोखिमों की पहले से पहचान कर इनका उपाय कर लिया जाए तो स्टिलबर्थ के खतरे को कम किया जा सकता है।

## स्टिलबर्थ में कमी

बता दें कि स्टिलबर्थ की दर में काफी कमी आई है। हेल्दी प्रेग्नेंसी और सुरक्षित डिलीवरी को लेकर लोगों को जागरुक होना चाहिए। वहीं मां और बच्चे की सेहत को ध्यान में रखते हुए स्टिलबर्थ की दर को कम करने का लक्ष्य बनाना चाहिए। जिससे कि इस दिशा में सफलता पाई जा सके।

## एंटी-नेटल अपॉइंटमेंट

किसी भी गर्भवती महिला को अपनी एंटी-नेटल अपॉइंटमेंट मिस नहीं करनी चाहिए। बता दें कि यह कुछ ऐसे जरूरी टेस्ट होते हैं, जिनकी मदद से एक विशेष समय पर किसी भी संभावित समस्या के बारे में पता किया जा सकता है। साथ ही मां को यह भी पता चल जाएगा कि गर्भ में पलने वाला बच्चा कितना सुरक्षित है।

**एक्टिव बनी रहें :** प्रेग्नेंसी के दौरान हेल्दी फूड खाना चाहिए और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। इस दौरान एक्टिव रहने का प्रयास करना चाहिए। बता दें कि वेट ज्यादा बढ़ने या ओबीस होने से प्रेग्नेंसी में दिक्कते होने लगती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान वेट लॉस करने की जगह पहले से यदि आप ओवरवेट हैं तो अपने वजन को कंट्रोल करना चाहिए। इसके अलावा प्रेग्नेंसी के दौरान पीठ के बल सोने से स्टिलबर्थ का खतरा दोगुना हो जाता है। वहीं पीठ के बल लेटने से बच्चे तक खून और ऑक्सीजन प्रॉपर तरीके से नहीं पहुंच पाता है। इस दौरान आपको करवट लेकर सोना चाहिए।

## शराब-सिगरेट से बनाएं दूरी

अगर आप भी धूम्रपान का सेवन करती हैं तो प्रेग्नेंसी में इसे बिलकुल बंद कर देना चाहिए। क्योंकि स्मोकिंग आदि करने से मां और बच्चे दोनों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। वहीं यदि आपको शराब व सिगरेट आदि छोड़ने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो आप किसी प्रोफेशनलिस्ट की सहायता ले सकती हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — नए कार्य में लाभ मिलेगा। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष** — चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें।

**मिथुन** — विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी।

**कर्क** — डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**सिंह** — योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी।

**कन्या** — कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**तुला** — बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

**धनु** — स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**मकर** — रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कुंभ** — विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दुःखद समाचार मिल सकता है। नए कार्य में बनेंगे। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा।

# मनोकामनाएं पूरे करने के सटीक उपाय

हर मनुष्य की कुछ मनोकामनाएं होती है। कुछ लोग इन मनोकामनाओं को बता देते हैं तो कुछ नहीं बताते। चाहते सभी हैं कि किसी भी तरह उनकी मनोकामना पूरी हो जाए। लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। यदि आप चाहते हैं कि आपकी सोची हर मुराद पूरी हो जाए तो नीचे लिखे प्रयोग करें। इन टोटकों को करने से आपकी हर मनोकामना पूरी हो जाएगी।



**उपाय**

तुलसी के पौधे को प्रतिदिन जल चढ़ाएं तथा गाय के घी का दीपक लगाएं।

रविवार को पुष्य नक्षत्र में श्वेत आक की जड़ लाकर उससे श्रीगणेश की प्रतिमा बनाएं फिर उन्हें खीर का भोग लगाएं। लाल कनेर के फूल तथा चंदन आदि के उनकी पूजा करें। तत्पश्चात गणेशजी के बीज मंत्र (ऊँ गं) के अंत में नमः शब्द जोड़कर 108 बार जप करें। सुबह गौरी-शंकर रुद्राक्ष शिवजी के मंदिर में चढ़ाएं। सुबह बेल पत्र (बिल्व) पर सफेद चंदन की बिंदी लगाकर मनोरथ बोलकर शिवलिंग पर अर्पित करें।

बड़ के पत्ते पर मनोकामना लिखकर बहते जल में प्रवाहित करने से भी मनोरथ पूर्ति होती है। मनोकामना किसी भी भाषा में लिख सकते हैं।नए सूती लाल कपड़े में जटावाला नारियल बांधकर बहते जल में प्रवाहित करने से भी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इन प्रयोगों को करने से आपकी सभी मनोकामनाएं शीघ्र ही पूरी हो जाएंगी। इन उपायों से आएगी जीवन में खुशहाली



प्रियंका जैन
9769994439

सभी चाहते हैं कि उसके जीवन में खुशहाली रहे और सुख-शांति बनी रहे पर हर व्यक्ति के साथ ऐसा नहीं होता। जीवन में सुख और शांति का बना रहना काफी मुश्किल होता है। ऐसे समय में उसे अपना जीवन नरक लगने लगता है। यदि आपके साथ भी यही समस्या है तो आप नीचे लिखे साधारण उपायों को अपनाकर अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं।

कानपुर

# अंग्रेज अपने उत्तराधिकारियों को देश लूटने के लिए छोड़ गए : मुख्यमंत्री



एजेंसी । कानपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को कानपुर बिठूर महोत्सव के समापन कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं जिन्होंने नमामि गंगे परियोजना के जरिए से अविरल और निर्मल गंगा भारत वासियों को पुनः दी है। उन्होंने कहा कि अविरल और निर्मल गंगा ने कुंभ के सपने को साकार किया। सीएम ने कहा 'आज मैं कह सकता हुं 2014 में जो सपना प्रधानमंत्री मोदी ने देखा था कुंभ की सफलता उसकी मिसाल है। सीएम ने कहा कि गंगा एक्शन प्लान 1986 में बना था। 2014 तक गंगा में प्रदूषण कम होने के बजाय बढ़ता चला गया। जलीय जंतु तक खत्म हो गए थे लेकिन आज गंगा में जलीय जीव, डॉल्फिन फिर से दिखाई दे रही है। विरासत और विकास ये नए भारत का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि आज यही कानपुर मां गंगा के साथ आगे बढ़ रहा है।

### पिछली सरकारों पर बरसे सीएम योगी

सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों के मन में भारत और भारतीय के लिए नफरत थी उन्होंने कानपुर और कानपुर के उद्योगों को नष्ट कर दिया, यहां के उद्योग बंद कर दिए गए, शहर में बेरोजगारी छाने लग गई, अव्यवस्था पैदा होने लग गई। सीएम ने कहा कि कानपुर जो पहले देश के चार बड़े शहरों में शामिल था वो वीरान हो गया। शहर को कनेक्टिविटी से वंचित कर दिया गया। मां गंगा को प्रदूषित कर दिया गया। एयरपोर्ट बंद हो गया। उन्होंने कहा कि जब कानपुर के साथ ये सब कुछ हो सकता है तो इन लोगों ने देश के साथ क्या नहीं किया होगा।

### आज गंगा में जलीय जीव, डॉल्फिन फिर से दिखाई दे रही

### गंगा एक्सप्रेस वे और कानपुर लखनऊ कॉरिडोर का निर्माण होगा जल्द

इसके आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेज चले गए लेकिन अपने उत्तराधिकारियों को देश लूटने के लिए छोड़ गए। सीएम ने कहा कि पिछले 10 सालों में लोगों ने कानपुर को बदलते देखा है। आज कानपुर विरासत और विकास के साथ जुड़ने वाले 'नए भारत' के महानगर के रूप में देखने को मिल रहा है। आज यहां रेडीमेड गारमेंट के नए हब के रूप में डेवलप होने जा रहा है। आउटर रिंग रोड, गंगा एक्सप्रेस वे और कानपुर लखनऊ कॉरिडोर का निर्माण जल्द होगा। उन्होंने कहा कि कानपुर अब बिखरा और वीरान नगर नहीं, बल्कि विकसित होता दिख रहा है। यहां मेट्रो के सेकंड फेस को जल्द शुरू किया जाएगा।

# आभूषण व्यापारी से लाखों की ठगी, फर्जी FD दिखाकर फरार

एजेंसी । बरेली

बरेली के आलमगीरीगंज सर्राफा बाजार में एक आभूषण व्यापारी के साथ 14 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने पहले व्यापारी का भरोसा जीता, फिर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) की कॉपी दिखाकर सोना लेकर फरार हो गए। अमित वर्मा की 'हर्ष ज्वैलर्स' नाम की दुकान है। करीब छह महीने पहले मयूर गोयल और उसकी मां आशा गोयल ने ज्वेलरी बिजनेस शुरू करने की बात कहकर उनसे उधार पर सोना-चांदी मांगा। गारंटी के तौर पर वे विजय गोयल, मयंक गोयल और वरुण शर्मा को लेकर आए, जिनकी गवाही पर अमित ने भरोसा कर लिया।



### धनतेरस पर बड़ी ठगी

29 अक्टूबर 2024 को ठगों ने शादी के सीजन का बहाना बनाकर 170 ग्राम सोना लिया, जिसकी कीमत 14 लाख रुपये थी। भरोसा दिलाने के लिए इन्होंने SBI की 20 लाख रुपये की FD की कॉपी दिखाई, जिसे अमित ने असली मान लिया और बिना शक किए सोना दे दिया।

### FD निकली फर्जी, पुलिस में शिकायत

बाद में जब अमित ने बैंक में FD की जांच कराई तो पता चला कि वह पूरी तरह फर्जी थी। जब उसने पैसे मांगे, तो ठगों ने धमकी दे दी। अमित ने एसएसपी से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मयूर गोयल, आशा गोयल, विजय गोयल, मयंक गोयल और वरुण शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

गाजीपुर में आवास घोटाला

# 1 करोड़ की फंडिंग, फिर भी अधूरी इमारत

एजेंसी । गाजीपुर

नगर पंचायत दिलदारनगर में सरकारी आवास योजना का घोटाला सामने आया है। साल 2014 में सफाई कर्मचारियों के लिए 1 करोड़ की लागत से आवास बनाने की योजना बनी थी। पहली किस्त के रूप में 37 लाख रुपए मिले और ठेकेदार ने केवल पिलर डालकर छत बना दी। 2016 में ठेकेदार ने काम पूरा दिखाकर भुगतान ले लिया, लेकिन सफाई कर्मचारियों



### स्लैब के नीचे रहने को मजबूर कर्मचारी

नगर पंचायत दिलदारनगर के सफाई कर्मचारी बीते 10 वर्षों से अधूरे मकान में रहने को मजबूर हैं। स्लैब के नीचे कच्चे मकान बनाकर रह रहे कर्मचारियों ने कई बार डीएम और एसडीएम से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

# लखनऊ : डबल मर्डर केस में सिपाही पत्नी समेत गिरफ्तार

एजेंसी । लखनऊ

काकोरी थाना क्षेत्र में 21 मार्च की रात को दो युवकों की गला रेतकर हत्या के मामले में रविवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। घटना में पुलिस विभाग में कार्यरत सिपाही को पत्नी समेत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को अभी भी तीन अन्य लोगों की तलाश है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिन पूर्व बरगदह बाग चौराहे पर दो युवकों की लाश मिली थीं। दोनों की गला रेतकर हत्या की गई थी। मृतकों की



पहचान मनोज लोधी और रोहित लोधी के रूप में हुई थी। जांच में लखीमपुर खीरी में तैनात सिपाही महेंद्र और उसकी पत्नी अंकिता की भूमिका प्रकाश में आने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में सिपाही महेंद्र ने बताया कि 20 जून 2021 में बरकताबाद निवासी अंकिता उर्फ दीपिका से उसकी शादी हुई थी। 24 दिसंबर 2024 को पता चला कि पत्नी का प्रेम संबंध उसके साथ पढ़ने वाले मनोज लोधी से है। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद ही उसने पत्नी के प्रेमी को जान से मारने की साजिश शुरू कर दी। फरवरी माह में उसने तीन साथियों के साथ मिलाकर हत्या की पूरी योजना बनाई। सिपाही महेंद्र ने घटना वाली रात पत्नी से उसके प्रेमी मनोज लोधी को फोन कर बरकताबाद पुलिया पर मिलने के लिए बुलाया। जहां कुछ देर में मनोज अपने दोस्त रोहित के साथ पहुंचा। उसके आते ही छिपकरबैठे सिपाही महेंद्र और उसके साथियों ने दोनों को पकड़कर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। रोहित को इसलिए मारा गया कि वह महेंद्र को पहले से जानता था।

संभल हिंसा

# पुलिस का बड़ा एक्शन, जामा मस्जिद के सदर जफर अली गिरफ्तार

एजेंसी । संभल



संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पहले उनसे पूछताछ की, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। अब तक इस मामले में 50 से अधिक लोगों को जेल भेजा जा चुका है, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस और एसआईटी लगातार जांच में जुटी है।

### क्या है मामला?

24 नवंबर को स्थानीय अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था, जिसका कुछ लोगों ने विरोध किया। विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया, जिसमें पथराव और गोलीबारी हुई। इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई, जबकि उप जिलाधिकारी समेत 20 लोग घायल हुए थे। हिंसा के बाद इलाके में तनाव फैल गया, जिसके चलते प्रशासन ने इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी थीं। अदालत में दाखिल एक याचिका में दावा किया गया है कि जामा मस्जिद जिस स्थान पर स्थित है, वहां पहले हरिहर मंदिर था। फिलहाल, इस पूरे मामले की जांच एसआईटी कर रही है।

# आरजेडी ने मुसलमानों के लिए क्या किया : चिराग पासवान

एजेंसी । हाजीपुर

जमीयत उलेमा-ए-हिंद (जेयूएच) द्वारा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की इफ्तार पार्टी के बहिष्कार पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने जेयूएच प्रमुख अरशद मदनी के फैसले का सम्मान करने की बात कही, लेकिन साथ ही उनसे इस पर दोबारा विचार करने की अपील की। चिराग पासवान ने कहा, मैं मदनी साहब का सम्मान करता हूं, लेकिन उनसे आग्रह करता हूं कि वे सोचें कि आरजेडी जैसे दल, जो खुद को मुसलमानों का हितैषी बताते हैं, क्या सच में अल्पसंख्यकों की भलाई कर रहे हैं?

### मदनी ने क्यों किया इफ्तार पार्टी का बहिष्कार?

अरशद मदनी ने 22 मार्च को ऐलान किया था कि उनकी संस्था नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान जैसे नेताओं के इफ्तार और ईद मिलन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होगी। उन्होंने इन नेताओं पर मुसलमानों के मुद्दों पर चुप्पी साधने और वक्फ बिल पर अस्पष्ट रुख अपनाने का आरोप लगाया था।

### 'आरजेडी से भी पूछें, उन्होंने मुस्लिमों के लिए क्या किया?'

चिराग ने कहा कि उनके पिता रामविलास पासवान ने एक मुस्लिम को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपना पूरा राजनीतिक जीवन दांव पर लगा दिया था। उन्होंने सवाल उठाया कि जो लोग आरजेडी के इफ्तार में जा रहे हैं, उनसे भी पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने मुसलमानों के लिए क्या किया है?



### बिहार में बढ़ते अपराधों पर चिंता

इसके अलावा, चिराग पासवान ने बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है और वे सहयोगी दल के रूप में लगातार इन मुद्दों को उठाते रहेंगे।

# अयोध्या से उज्जैन जा रहे डॉक्टरों की कार हादसे का शिकार, दो बहनों की मौत

एजेंसी । शिवपुरी

शिवपुरी में रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगी बहनों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य डॉक्टर घायल हो गए। महाराष्ट्र के डॉक्टरों का यह समूह अयोध्या से उज्जैन जा रहा था, जब उनकी अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। शिवपुरी के कोलारस थाना क्षेत्र में NH-46 पर यह दुर्घटना सुबह करीब 8 बजे हुई। डॉक्टर अतुल आचार्य कार चला रहे थे, जब अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और पुलिया से टकराने के बाद नीचे गिर गया। हादसे में डॉक्टर तन्वी आचार्य (50) और डॉक्टर नीलम पंडित (55) की मौके पर ही मौत हो गई।

### घायल डॉक्टरों का इलाज जारी

हादसे में डॉ. उदय जोशी (64), डॉ. सुबोध पंडित (62), डॉ. अतुल आचार्य (55) और सीमा जोशी (59) घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### पुलिस कर रही जांच

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, कार अनियंत्रित होने के चलते यह दुर्घटना हुई।




# अप्रैल से महंगा होगा कार खरीदना, इन कंपनियों ने की दाम बढ़ाने की घोषणा

एजेंसी । नई दिल्ली

अगले महीने यानी अप्रैल से ज्यादातर कंपनियों की कारें महंगी होने वाली हैं। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी और परिचालन खर्च बढ़ने के बीच दिग्गज कंपनियोंमारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंदै और अन्य ने अगले महीने से अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। देश में यात्री कार खंड की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अगले महीने से अपने सभी मॉडल के दाम चार प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। वाहन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारतीय बाजार में प्रवेश स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर बहुउद्देश्यीय वाहन इनविक्टो तक विभिन्न मॉडल बेचती है। इनकी कीमत क्रमशः 4.23 लाख रुपये से 29.22 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) तक है। मारुति की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया ने कहा कि वह कच्चे माल और परिचालन लागत में वृद्धि के कारण अप्रैल, 2025 से अपनी कारों के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ाएगी। इसी तरह, टाटा मोटर्स अप्रैल से अपने इलेक्ट्रिक वाहन सहित सभी यात्री वाहनों के दाम बढ़ाने जा रही है। टाटा मोटर्स इस साल दूसरी बार अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा है कि वह अप्रैल से अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी।




### कार की कीमतों में बढ़ोतरी

किआ इंडिया, होंडा कार्स इंडिया, रेनो इंडिया और बीएमडब्ल्यू ने भी अगले महीने से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। डेलॉयट के भागीदार और वाहन क्षेत्र के लीडर रजत महाजन ने कहा कि भारत में कार विनिर्माता आमतौर पर दो बार कीमतों में बढ़ोतरी करते हैं। एक कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में और दूसरा वित्त वर्ष की शुरुआत में। उन्होंने कहा, 'बढ़ोतरी की सीमा अलग-अलग हो सकती है, यह मुद्रा में उतार-चढ़ाव से संबंधित हो सकता है, जहां हमें समान उत्पाद, वस्तु या कलपुर्जा आयात करने के लिए अधिक खर्च करने की आवश्यकता होती है।'' पिछले छह महीनों में, रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे आयात पर अधिक निर्भर क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। इसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पादन की लागत पर असर पड़ता है। महाजन ने कहा, 'अन्य कारणों में प्रवेश स्तर के वाहनों की मांग में कमी से भी वाहन कंपनियां प्रभावित हुई हैं। खासकर पहली बार के खरीदारों और ग्रामीण ग्राहकों से प्रवेश स्तर के वाहनों की मांग में कमी आई है, जिससे वाहन कंपनियों के मार्जिन पर दबाव पड़ रहा है।' इसके अलावा कारों में नियमित रूप से नए 'फीचर' जोड़े जा रहे हैं। इस वजह से भी कंपनियों को अपनी कारों के दाम बढ़ाने पड़ते हैं।

### भारत ने चीन के चार उत्पादों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया

**नई दिल्ली।** भारत ने घरेलू कंपनियों को चीन से आने वाले सस्ते आयात से बचाने के लिए इस महीने वैक्यूम फ्लास्क और एल्युमीनियम फॉयल सहित पड़ोसी देश के चार उत्पादों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है।

ये शुल्क इसलिए लगाए गए, क्योंकि ये उत्पाद सामान्य से कम कीमतों पर चीन से भारत को निर्यात किए जा रहे थे। इन उत्पादों में सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्युमीनियम फॉयल और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड शामिल हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा कि सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड के आयात पर पांच साल के लिए शुल्क लगाया जाएगा।

# सर्राफा बाजार में उछला सोना, चांदी में गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज की तेजी के कारण सोना 90 हजार रुपये के स्तर के काफी करीब कारोबार कर रहा है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 89,830 रुपये से लेकर 89,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,300 रुपये से लेकर 82,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट



सोना 82,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन क्षेत्र में जापानी कंपनियों के लिए निवेश के नए अवसर : रिपोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन जैसे क्षेत्रों के लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के प्रयास जापान की कंपनियों के लिए यहां निवेश के नए अवसर खोल रहे हैं। रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। शार्दुल अमरचंद मंगलदास और फिक्की की रिपोर्ट 'भारत के विकास की कहानी : जापान के एसएमई के लिए नए अवसर' में कहा गया है कि जिन अन्य क्षेत्रों में दोनों देशों की कंपनियां सहयोग बढ़ा सकती हैं उनमें भंडार गृह, पैकेजिंग सामग्री, शीत भंडारण श्रृंखला की स्थापना, डेयरी, रक्षा और एयरोस्पेस शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि जापानी कंपनियों और भारत के उभरते सूचना और प्रौद्योगिकी उद्योग के बीच तकनीकी तालमेल नवाचार के लिए एक रोमांचक अवसर प्रदान करता है। रिपोर्ट कहती है, 'सहयोगात्मक शोध और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पहल के जरिये जापान के लघु और मझोले उद्यम इन आधुनिक समाधान का अपने परिचालन में एकीकरण कर सकते हैं।

# अमेरिकी कंपनी ने भारत में भी शुरू की छंटनी, 180 कर्मचारियों को किया बाहर

एजेंसी । बेंगलुरु

अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों की संख्या में कटौती की योजना बनाई है। इसके तहत कंपनी ने बेंगलुरु में अपने इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी केंद्र के 180 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जानकारी के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रही बोइंग के भारत में करीब 7,000 कर्मचारी हैं। भारत कंपनी के लिए एक प्रमुख बाजार है।

पिछले साल बोइंग ने वैश्विक स्तर पर करीब 10 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की थी। मामले की




जानकारी रखने वाले सूत्र ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों की संख्या में कटौती के तहत बोइंग ने अपने बेंगलुरु के बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सेंटर के 180 कर्मचारियों को 2024 की दिसंबर तिमाही में बाहर का रास्ता दिखाया है। इस बारे में बोइंग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्र ने कहा कि कंपनी का प्रयास है कि इस छंटनी से उसके ग्राहकों और सरकार के साथ परिचालन पर कोई असर नहीं पड़े। इसी के मद्देनजर कंपनी ने रणनीतिक समायोजन किया है जिससे सीमित संख्या में पद प्रभावित हुए हैं। बेंगलुरु और चेन्नई में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) जटिल आधुनिक वैमानिकी कामकाज करता है।

बेंगलुरु का इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी परिसर अमेरिका के बाहर कंपनी के सबसे बड़े निवेश में से है। कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारत में बोइंग 300 से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से सालाना करीब 1.25 अरब डॉलर की खरीद करती है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, सोमवार, 23 मार्च 2025



# सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराया

## • सैमसन-जुरेल की मेहनत गई बेकार

एजेंसी । हैदराबाद



सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराकर आईपीएल 2025 सीजन की जीत से शुरुआत की है। हैदराबाद ने ईशान किशन और ट्रेविस हेड की शानदार पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जो इस टूर्नामेंट का दूसरा सर्वोच्च टोटल है। जवाब में संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने अच्छी साझेदारी निभाई, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। राजस्थान की टीम निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 242 रन ही बना सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 50 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। सैमसन जो इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे, उन्होंने जुरेल के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 111 रन जोड़े और टीम को मुश्किल से उबारा। सैमसन और जुरेल जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो लग रहा था कि राजस्थान आईपीएल इतिहास का सबसे सफल रन चेज कर सकती है, लेकिन सैमसन के आउट होते ही यह साझेदारी टूट गई। सैमसन के पवेलियन लौटने के बाद जुरेल भी अपना विकेट गंवा बैठे। अंत में शिमरॉन हेत्मायर और शुभम दुबे ने कुछ कोशिश की, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

राजस्थान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 35 गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 70 रन बनाए। वहीं, सैमसन ने 37 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों के सहारे 66 रन बनाए। हेत्मायर ने 23 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाए, जबकि शुभम 11 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के की मदद से 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। राजस्थान की ओर से नीतीश राणा ने 11, कप्तान रियान पराग ने चार, यशस्वी जायसवाल ने 1 और जोफ्रा आर्चर ने नाबाद एक रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सिमरनजीत सिंह और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले, जबकि मोहम्मद शमी और एडम जैम्पा ने एक-एक विकेट लिया।

### हैदराबाद ने बनाया विशाल स्कोर

सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन के नाबाद शतक और ट्रेविस हेड के अर्धशतक के दम पर राजस्थान रॉयल्स के सामने जीत के लिए 287 रनों का लक्ष्य रखा है। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन हैदराबाद ने ईशान और हेड के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 286 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सर्वोच्च टोटल है। आईपीएल में सबसे ज्यादा स्कोर करने का रिकॉर्ड भी हैदराबाद के नाम है। हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ पिछले सीजन तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे जो इस टूर्नामेंट का सर्वोच्च टोटल है।

### ईशान किशन का शतक



सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ईशान किशन ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 45 गेंदों पर शतक जड़ दिया है। ईशान का हैदराबाद के साथ यह पहला ही सीजन है और उन्होंने पहले मैच में शतक लगाकर अपनी क्षमता साबित कर दी है। यह आईपीएल 2025 का पहला शतक भी है। दिलचस्प बात यह है कि आईपीएल के 18वें सीजन के दूसरे ही मैच में शतक लगा है। ईशान इस मैच में विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे हैं जिससे हैदराबाद का स्कोर 270 के पार पहुंच गया है। हैदराबाद ने पिछले सीजन तीन बार 250+ का स्कोर बनाया था और इस बार उन्होंने अपने पहले ही मैच में स्कोर 270 के पार पहुंचा दिया।

## न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 में पाकिस्तान को 115 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला पर कब्जा किया



एजेंसी । माउंट मोनगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी और जकारी फाउलकेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को पाकिस्तान को 105 रन पर आउट कर चौथा ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 115 रन से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला को अपने नाम कर लिया। श्रृंखला का पांचवां मैच बुधवार को खेला जायेगा। न्यूजीलैंड के पास 3-1 की अजेय बढ़त है।

डफी ने 20 रन देकर चार और फाउलकेस ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने बे ओवल में तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 16.2 ओवर में आउट कर दिया। पाकिस्तान ने जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 56 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे और टीम इस प्रारूप में अपने न्यूनतम स्कोर (74) से कम पर आउट होने के कगार पर थी। अब्दुल समद ने हालांकि 44 रन की पारी खेल टीम को 100 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। इससे पहले फिन एलन ने 20 गेंदों पर अर्धशतकीय पारी खेल टीम को आक्रामक शुरुआत दिलायी जिससे न्यूजीलैंड छह विकेट पर 220 रन बनाने में सफल रहा।

एलन ने टिम सीफर्ट (44) के साथ पहले विकेट के लिए 4.1 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। सीफर्ट ने 22 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के जड़े। एलन ने 20 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये जिससे न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाकर पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती छह ओवर में अपना सर्वोच्च स्कोर खड़ा किया। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने नाबाद 46 रन बनाए। उन्होंने 26 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये।

### पाकिस्तान की खराब शुरुआत



न्यूजीलैंड की टीम शुरुआती 10 ओवर में दो विकेट पर 134 रन बनाकर और बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी लेकिन हारिस राउफ (27 रन पर तीन विकेट) ने बीच के ओवर में शानदार गेंदबाजी कर मैच में टीम की वापसी करायी।पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआती दो ओवर में तीन विकेट गंवा दिये। इसमें विलियम ओ'राउरकी ने पारी की दूसरी गेंद पर मोहम्मद हारिस (दो) को पवेलियन की राह दिखायी। इसके बाद डफी ने पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले हसन नवाज (एक) और कप्तान सलमान अली अगा (एक) को पवेलियन की राह दिखायी। पाकिस्तान की टी इन झटकों से उबरने में नाकाम रही और टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर 42 रन पर पांच विकेट था। अब्दुल समद ने 30 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 44 रन बनाकर टीम को और अधिक शर्मिंदगी से बचाया।

## अगर दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की पेशकश हुई तो गंभीरता से विचार करूंगा: रबाडा

एजेंसी । नई दिल्ली



तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का कहना है कि अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) उन्हें राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की पेशकश करता है तो वह इस पर गंभीरता से विचार करेंगे क्योंकि वह कई भूमिकाएं निभाने के खिलाफ नहीं है।

आधुनिक समय के महान तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस के साथ रबाडा तीसरे गेंदबाज हैं। इनमें से कमिंस नियमित ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हैं जबकि बुमराह भारत के लिए टेस्ट और टी20अंतरराष्ट्रीय में अस्थायी कप्तान रहे हैं। रबाडा को अगर मौका मिलता है तो वह भी इस भूमिका में उनके साथ जुड़ना चाहते हैं इसलिये 29 वर्षीय यह खिलाड़ी इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए जरूरी मानसिक बदलाव के बारे में सोच रहा है।

रबाडा ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा,'मुझसे यह सवाल कई बार पूछा गया है। और इसने मुझे इस पर विचार करने के लिए मजबूर किया है। मुझे लगता है कि इसके लिए मेरी ओर से कुछ परिपक्वता की आवश्यकता होगी। लेकिन अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका या किसी कोच द्वारा मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।' उन्होंने कहा,'और मैं पहले से ही सोच रहा था कि इसमें किस तरह का बदलाव होगा क्योंकि अब आप केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते क्योंकि तब आपको हर किसी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। और सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी।' रबाडा ने कहा,'मुझे लगता है कि इसके लिए निश्चित रूप से परिपक्वता की आवश्यकता होगी और इसके लिए बहुत सारी योजना बनानी होगी। इसलिए, अगर मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।' रबाडा 70 टेस्ट में 327 विकेट ले चुके हैं। उनके नाम 168 वनडे और 71 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं।

## आईजीयू टी20 क्रिकेट की तर्ज पर जूनियर स्तर पर 'सिक्सेज' प्रारूप में प्रतियोगिता शुरू करेगा

एजेंसी । गुरुग्राम



छह राज्यों के युवा गोल्फ खिलाड़ी सोमवार को यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में छह-होल वाली गोल्फ 'सिक्सेस जूनियर' टूर्नामेंट में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य इस खेल को टी-20 और टी-10 क्रिकेट की तरह अधिक गतिशील बनाना है। विश्व गोल्फ नियम नियामक संस्था 'द आरएंडए' के साथ साझेदारी में आयोजित गोल्फ सिक्स को युवा खिलाड़ियों के लिए खेल को अधिक गतिशील, सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस टीम आधारित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को छह होल के खेल में अपना कौशल दिखाना होगा। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने इस प्रारूप को लेकर विश्वास व्यक्त किया कि नया प्रारूप युवा पीढ़ी के बीच गोल्फ की लोकप्रियता बढ़ायेगा। उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमें इससे सफलता की उम्मीद है। जिस तरह टी20 ने खेल को छोटा करके और इसे अधिक गतिशील और दर्शकों के अनुकूल बनाकर क्रिकेट में क्रांति ला दी, गोल्फ का यह नया प्रारूप भी ऐसा कर सकता है।'

## प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया में 35 किमी स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया



एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। प्रियंका ने शनिवार को आयोजित की गई इस गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकंड (2:56:34) का समय निकाला और 11वें स्थान पर रही। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3:13:19 था।

दो बार की ओलंपियन प्रियंका ने 2023 में रांची में नेशनल ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप में मंजू रानी द्वारा बनाए गए 2:57:54 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। प्रियंका ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता था।

इक्वाडोर की पाउला मिलेना टोरेस ने 2:44:26 के समय के साथ महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती। पेरू की किम्बर्ली गार्सिया (2:45:59) और पोलैंड की कटारज़ीना ज़डज़ीब्लो (2:46:59) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक आकाशदीप सिंह पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 1:24:13 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।

### मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का बड़ा फैसला

## पूर्व खिलाड़ियों और अंपायरों की पेंशन में 50% बढ़ोतरी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने अंपायर और पूर्व क्रिकेटरों को लेकर एक बड़ा फैसला किया। रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ ने पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों की मासिक पेंशन में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। इसकी घोषणा एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने की। यह निर्णय शीर्ष परिषद के बैठक में लिया गया। इस बैठक में कई तरह के निर्णय लिए गए। बैठक में संघ से संबद्ध क्लबों के प्रतिनिधियों के लिए चिकित्सा कवर प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। नाइक ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि हमारे पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों ने मुंबई की शानदार क्रिकेट विरासत की नींव रखी है। उनके प्रति आभार के प्रतीक के रूप में हमने उनकी मासिक पेंशन में 50% की वृद्धि करने का निर्णय लिया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें वह सम्मान, देखभाल और वित्तीय सहायता मिले जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### 70 वर्ष से अधिक आयु वाले को मिलेंगे 30 हजार माह

एमसीए वर्तमान में देश में पूर्व क्रिकेटरों को पेंशन देने वाला एकमात्र घरेलू क्रिकेट संघ है। उसके इस नये कदम से उन खिलाड़ियों को रु. 30,000 प्रति माह मिलेंगे जो 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं। खिलाड़ियों की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवनसाथी को यह राशि मिलेगी। पहले यह रकम रु. 20,000 थी। जो पूर्व रणजी खिलाड़ी 70 वर्ष से कम उम्र के हैं उन्हें रु. 10,000 प्रति माह के बजाय अब 15,000 प्रति माह मिलेंगे।

### अली गोनी और जैस्मिन भसीन का बड़ा फैसला

## अब साथ में करेंगे नई शुरुआत!



अली गोनी और जैस्मिन भसीन दोनों की टेलीविजन के बड़े स्टार हैं। दोनों ने ही साथ में कई सारे रियलिटी शो किए हैं, हालांकि खतरों के खिलाड़ी में शामिल होने के बाद से ही दोनों के रिश्ते के बारे में खबरें आने लगी थी। लेकिन दोनों ने काफी वक्त तक इस रिश्ते को पब्लिकली एक्सेप्ट नहीं किया। हालांकि, बाद में अली और जैस्मिन सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस का हिस्सा बनें, जिसमें एक्टर ने लोगों के सामने अपनी फीलिंग्स को जाहिर कर दिया। अब दोनों ही अपने इस रिश्ते को नए मुकाम पर ले जाने के लिए तैयार हो चुके हैं। अली गोनी और जैस्मिन भसीन पिछले 5 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को बतौर कपल लोग काफी ज्यादा पसंद करते हैं। हालांकि, दोनों के फैंस उन्हें जल्द ही शादी के बंधन में बंधे देखना चाहते हैं, लेकिन अभी कपल ने इस बारे में कोई भी बात नहीं की है। खास बात ये है कि दोनों ही एक्टर्स के परिवार वाले भी उन्हें साथ में काफी पसंद करते हैं और उनके रिश्ते भी आपस में काफी अच्छे हैं। अब इस कपल ने अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाने के बारे में सोच लिया है।

### रिनोवेट हो रहा है घर

हाल ही में कपल ने खुद का एक व्लॉग बनाया है, जिसमें उन्होंने लोगों को बताया है कि अब वो साथ में रहने वाले हैं। एक्टर ने कहा कि हमारी ये पूरी जर्नी आप हमारे साथ देखोगे। हम लोग साथ रहेंगे, हमारा घूमना, हम लोगों का पहला घर साथ में। उन्होंने बताया है कि दोनों ने मिलकर 6 BHK का एक अपार्टमेंट लिया है, जिसमें रिनोवेशन का काम चल रहा है। रिनोवेट होने के बाद उनका घर 4 BHK का हो जाएगा। इस घर में अली और जास्मिन का अलग कमरा होगा।

## सलमान की 'सिकंदर' के साथ धूम मचाएंगे इमरान हाशमी



सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसका फैंस को बेसब्री से इंतजार था। सलमान इस फिल्म के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए फिर से तैयार हैं। ये फिल्म अगले हफ्ते सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी के साथ दर्शकों को इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का टीजर भी देखने को मिलेगा। इमरान हाशमी, सलमान खान के साथ फिल्म 'टाइगर 3' में काम कर चुके हैं। अब जब इस फिल्म के करीब दो साल बाद 'सिकंदर' आ रही है तो इमरान हाशमी फिर से चर्चा में आ गए हैं। सलमान खान की फिल्म के बाद ही इमरान की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' भी रिलीज होगी। लेकिन इसका टीजर सिकंदर के साथ दिखाया जाएगा।

### सिकंदर के साथ दिखाया जाएगा 'ग्राउंड जीरो' का टीजर

सलमान खान की फिल्म के जरिए इमरान हाशमी की फिल्म के मेकर्स फायदा उठाना चाहते हैं। सिकंदर एक बड़ी फिल्म है जिस पर 200 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का खर्च किया गया है। फिल्म बड़े पैमाने पर रिलीज हो रही है तो ग्राउंड जीरो के मेकर्स ने भी बड़ा फैसला लिया है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्सेल एंटरटेनमेंट सिकंदर के साथ अपनी फिल्म ग्राउंड जीरो के टीजर को दिखाने के लिए तैयार है। इसके लिए उसने देशभर के मल्टीप्लेक्स से हाथ मिलाया है।

### 30 मार्च को रिलीज होगी सिकंदर, 31 से दिखेगा ग्राउंड जीरो का टीजर



सलमान खान की फिल्म सिकंदर का डायरेक्शन साउथ के मशहूर डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस ने किया है। वहीं इसके प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला हैं। सलमान के अपोजिट इस फिल्म में रश्मिका मंदाना अहम रोल में हैं। फिल्म का हिस्सा शरमन जोशी, काजल अग्रवाल, सत्यराज, प्रतीक बब्बर और अंजिनी धवन भी हैं। सिकंदर 30 मार्च को रिलीज होगी। जबकि इमरान की ग्राउंड जीरो का टीजर इसके साथ 31 मार्च से दिखाया जाएगा।



## रणबीर की 'एनिमल पार्क' डायरेक्ट करना चाहेंगे नितेश तिवारी

फिल्ममेकर नितेश तिवारी बॉलीवुड के सबसे सफल डायरेक्टर में से एक हैं। उनकी फिल्म 'दंगल' इंडियन सिनेमा के इतिहास की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। इसके अलावा उन्होंने अभी तक जितनी भी फिल्में बनाई हैं, सभी ऑडियंस को बहुत पसंद आई है। फिर चाहे वो उनकी डेब्यू फिल्म 'चिल्लर पार्टी' हो या सुशांत सिंह राजपूत की 'छिछोरे'। हाल ही में नितेश ने अपने और अपनी फिल्मों को लेकर काफी बातें की। इस दौरान डायरेक्टर के साथ एक रैपिड फायर राउंड भी खेला गया जिसमें उन्होंने होस्ट कोमल नाहटा के कई सारे सवालों का जवाब दिया। उनसे सवाल किया गया वो रणबीर कपूर की 'एनिमल पार्क' और 'मिर्जापुर 4' में से कौन सा प्रोजेक्ट डायरेक्ट करना पसंद करेंगे।

तो इस पर नितेश ने बहुत सोच समझकर अपना जवाब दिया। डायरेक्टर ने कहा कि वो ऐसी फिल्म चुनना पसंद करेंगे जो वो कभी बनाने का सोचने नहीं वाले हैं। उन्होंने रणबीर कपूर की 'एनिमल पार्क' को चुनने का फैसला किया। वो आगे इस फिल्म को डायरेक्ट करने की वजह भी बताते हैं। नितेश ने कहा, 'मैं एक बेहतर और ज्यादा लुभाने वाली फिल्म को चुन रहा हूं। ये मुझे मौका देगी कि मैं एक्टर्स से ज्यादा शानदार परफॉरमेंस निकाल पाऊं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### तीन बड़े बिल्डरों पर हरेरा ने लगाया करोड़ों का जुर्माना

**पानीपत।** पानीपत शहर के दो बड़े बिल्डरों पर हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) ने बड़ा जुर्माना लगाया है। प्रत्येक बिल्डर को हरेरा में त्रैमासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेजना होता है। जिसमें मुख्यतः कमाई, खर्चा व सुविधाओं का ब्योरा देना होता है। लेकिन ऐसा न किए जाने पर हरेरा ने दोनों बिल्डरों पर कुल 1 करोड़ 39 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना ब्याज समेत देना होगा। पानीपत शहर के हुडा सेक्टर 13-17 में द न्यू सूर्या ईडब्ल्यूएस को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी व स्काई व्यू को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी को 18 अगस्त 2022 को त्रैमासिक रिपोर्ट न देने पर हरेरा ने नोटिस जारी किया था। 20 मार्च 23 को हजार रुपए प्रतिदिन का जुर्माना रिपोर्ट अपलोड न किए जाने तक लगाया था। 24 जनवरी 2024 को 3 लाख 11 हजार का जुर्माना बन चुका था। 5 जून 2024 को 16 लाख 40 हजार रुपए जुर्माना हो चुका था। दोनों सोसाइटी की ओर से 14 अगस्त 2024 को सुखदेव सिंह पेश हुए और रिपोर्ट पेश करने का समय मांगा।

### दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र कल से

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के लिए पेश होने वाले आगामी बजट को लेकर कहा है कि आने वाला बजट दिल्ली की जनता को समर्पित बजट होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में जो कुछ भी कहा था यह बजट उसको समर्थित होगा। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ऐतिहासिक बजट पेश करेंगी जो दिल्ली के सर्वांगिण विकास के साथ ही समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाला बजट दिल्ली की जनता को समर्पित बजट होगा। उन्होंने कहा कि हमारा पहला संकल्प है दिल्ली का सर्वांगीण विकास। उसके लिए हर क्षेत्र और समाज के हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान होगा चाहे वह युवा हो, महिला हो, किसान हो या फिर व्यापारी वर्ग हो, सभी लोगों का बजट में ध्यान रखा जाएगा। ये बजट सभी के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने जो दिए हैं पार्टी ने उन सुझावों के मुताबिक बजट को तैयार किया है, जिसमें हर वर्ग का ख्याल रखा जाएगा।

### अंतरजातीय विवाह पर अब मिलेगी एक लाख की धनराशि: अठावले

**देहरादून।** केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है। बैठक में अपर सचिव समाज कल्याण प्रकाश चन्द्र ने विभाग की योजनाओं व प्रगति की जानकारी दी। बैठक में जानकारी दी गई कि समाज कल्याण विभाग ने वर्तमान में 9।15 लाख वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगें, परित्यक्ता महिलाओं व किसानों को मासिक पेंशन दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.07 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने की प्रक्रिया गतिमान है। 15 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं, छात्रावास में 696 छात्र/छात्राओं की क्षमता के सापेक्ष 489 छात्र-छात्राएं प्रवेशरत हैं और निशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध है।

**कर्नाटक में हनीट्रैप मामले में बड़ा अपडेट**

# विधानसभा परिषद के अध्यक्ष बसवराज होरट्टी ने दिया इस्तीफा

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक में हनीट्रैप मामले के बीच विधानसभा परिषद के अध्यक्ष बसवराज होरट्टी ने इस्तीफा दे दिया है।उन्होंने विधान परिषद के उपसभापति प्रणेश को अपना त्यागपत्र भेजकर अनुरोध किया है कि वे 1 अप्रैल तक उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लें और उन्हें अध्यक्ष पद से मुक्त कर दें। उन्होंने लिखे पत्र में कहा कि कर्नाटक विधान परिषद में सदस्यों का आचरण ठीक नहीं है। इसलिए, बसवराज होरट्टी ने रविवार को मीडिया को एक बयान जारी कर कहा कि वह विधान परिषद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद यह बात सामने आई है कि उन्होंने अपना त्यागपत्र उपसभापति को भेज दिया है।



## होरट्टी के त्यागपत्र में क्या है?

बसवराज होरट्टी ने रविवार सुबह मीडिया को बयान देकर कहा कि वह विधान परिषद के सभापति पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद यह बात सामने आई है कि उन्होंने परिषद के उपाध्यक्ष प्रणेश को अपना त्यागपत्र भेज दिया है। इससे पहले उन्होंने 18 मार्च को ही प्रणेश को अपना त्यागपत्र भेज दिया था। उन्होंने अपने त्यागपत्र में अनुरोध किया है कि वे व्यक्तिगत कारणों से त्यागपत्र दे रहे हैं तथा आपसे अनुरोध करना चाहेंगे कि उक्त त्यागपत्र को 31 मार्च तक स्वीकार कर एक अप्रैल से प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुझे इस पद से मुक्त किया जाए। हुबली में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'आज के राजनेताओं को सदन में नहीं संभाला जा सकता है और मैं विधान परिषद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा। यह समझा जा सकता है कि आजकल सदनों का प्रबंधन करना कठिन है। उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं सदन में हो रही घटनाओं से तंग आ चुका हूं। अध्यक्ष को न तो बताया गया और न ही पूछा गया। वे सदन के अंदर विरोध प्रदर्शन करते हैं।वे परिषद में ताश के पत्ते लेकर आते हैं। मैं सदन चलाने के योग्य नहीं हूं। कल मैं 17 मिनट तक रोया। इससे मैंने निर्णय लिया है कि मुझे सदन में नहीं रहना चाहिए। मैं 45 वर्षों से राजनीति में हूं।

## होरट्टी ने पहले भी इस्तीफा देने की कही थी बात

बसवराज होरट्टी पहले ही इस्तीफा देने की बात कह चुके हैं। हाल ही में कांग्रेस उच्च सदन में स्पीकर होराट्टी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में थी।इस बारे में पहले से उठ रही अटकलों के बारे में बोलते हुए होराट्टी ने कहा, 'यदि अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है तो मैं उससे पहले ही अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा।' उन्होंने कहा कि मैं पूर्व शिक्षक था। मैं वहां से बहुत आगे आ चुका हूं। मैं इस उपलब्धि से संतुष्ट हूं। इसलिए, यहां यह स्मरणीय है कि मैंने कहा था कि यदि कभी भी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का अवसर आएगा, तो मैं निश्चित रूप से उस पद से इस्तीफा दे दूंगा और अपने शिक्षण पेशे में वापस लौट जाऊंगा।

# राजीव चंद्रशेखर का केरल भाजपा का अध्यक्ष बनना तय

**कोर कमेटी ने दी मंजूरी**

एजेंसी । तिरुवनंतपुरम



पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर का केरल बीजेपी का अध्यक्ष बनना तय है। केरल बीजेपी कोर कमेटी ने राजीव चंद्रशेखर के नाम की मंजूरी दे दी है। एक-दो दिन में घोषणा होगी। तिरुवनंतपुरम में केरल बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री और केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर और सह-प्रभारी अपराजिता सारंगी भी शामिल हुए थे। उस बैठक में यह फैसला किया गया। चंद्रशेखर ने रविवार को तिरुवनंतपुरम में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में भाग लिया था। उनके तिरुवनंतपुरम में मराजी भवन में भाजपा के राज्य मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करने की उम्मीद है। उन्हें किसी विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा और भाजपा नेताओं को विश्वास है कि राजीव चंद्रशेखर का इस पद पर चुनाव सर्वसम्मति से होगा। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रहलाद जोशी और पार्टी के केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने कोर कमेटी की बैठक में चंद्रशेखर के नाम की घोषणा की।

### के सुरेंद्रन की जगह लेंगे चंद्रशेखर, अध्यक्ष बनना तय

चंद्रशेखर मौजूदा अध्यक्ष के सुरेंद्रन से पार्टी की बागडोर संभालेंगे, जिन्होंने 2020 से इसका नेतृत्व किया है। चंद्रशेखर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत करना, एक तरह से, तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र में हाई-प्रोफाइल 2024 के लोकसभा चुनावों में उनके मजबूत प्रदर्शन की स्वीकृति है, जहां उन्होंने कांग्रेस नेता शशि थरूर को कड़ी टक्कर दी थी। तब तक चंद्रशेखर कर्नाटक में रहते थे यह एक ऐसा राज्य जिसका उन्होंने तीन कार्यकालों तक राज्यसभा में प्रतिनिधित्व किया था। फिर उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण चुनाव अभियान चलाने के लिए अपना आधार केरल में स्थानांतरित कर दिया।

# राणा सांगा पर अखिलेश ने किया सपा सांसद का बचाव

एजेंसी । लखनऊ

सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राज्यसभा में राणा सांगा पर जो बयान दिया था, अखिलेश यादव ने उसका बचाव किया है। सपा प्रमुख ने कहा है कि इतिहास के पन्ने सब लोग पलट रहे हैं। बीजेपी के लोग किस तरह के पन्ने पलट रहे हैं। बीजेपी के लोग किस तरह की बहस कर रहे हैं, जिन्होने संविधान की शपथ ली वो लोग क्या बहस कर रहे हैं?

अखिलेश ने कहा कि बीजेपी औरंगजेब पर बहस करना चाहती है। रामजीलाल सुमन ने इतिहास का कोई पन्ना पलट दिया, जिस पन्ने में इस तरह का भाव लिखा होगा। हम लोगों ने तो इतिहास नहीं लिखा इसलिए समाजवादी पार्टी की तरफ से बीजेपी से निवेदन है कि इतिहास के पन्ने न पलटें क्योंकि अगर इतिहास के पन्ने पलटे जाएंगे तो लोग ये भी याद रखेंगे जब छत्रपति शिवाजी महाराज का तिलक होना था कि तो किसी ने उनका तिलक नहीं किया। सुनने में आ रहा है कि पैर के बाएं अंगूठे से उनका तिलक किया गया था। क्या भारतीय जनता



### बाबर राणा सांगा के निमंत्रण पर भारत आया था रामजीलाल

राज्यसभा में अपने बयान पर समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा कि बाबर राणा सांगा के निमंत्रण पर भारत आया था। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है। मेरा इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। हर बार कहा जाता है कि भारत के मुसलमानों के डीएनए में बाबर है। भारत के मुसलमान मुहम्मद साहब (पैगंबर मुहम्मद) को अपना आदर्श मानते हैं और सूफी परंपरा का पालन करते हैं। मेरा इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं है। मेरा सिर्फ इतान कहना है कि राणा सांगा के निमंत्रण पर बाबर भारत आया था।

# 'हमारा उससे कोई लेना-देना नहीं, कभी मिलने भी नहीं जाएंगे...', माता-पिता ने मुस्कान से तोड़े रिश्ते

एजेंसी । मेरठ

मेरठ के चौधरी चरण सिंह जिला जेल में बंद सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को लेकर नए खुलासे हो रहे हैं। अब मुस्कान के माता-पिता ने उससे किनारा कर लिया है और खुद को मामले से अलग बताया है। पिता का कहना है कि वह न तो मुस्कान से मिलने जाएंगे और न ही उसके लिए लड़ेंगे, क्योंकि सच के लिए लड़ा जाता है, ऐसे केस के लिए नहीं। वहीं, मुस्कान की मां ने कहा कि वह उसकी सगी मां हैं, लेकिन मुस्कान अपनी मौसी से ज्यादा लगाव रखती थी, इसलिए उसने उसे सौतेली मां बताया।जानकारी के अनुसार, मुस्कान ने जेल प्रशासन के सामने यह अनुरोध किया कि उसे अपना केस लड़ने के लिए एक सरकारी वकील दिया जाए।



ऐसे में जेल प्रशासन ने नियमों के तहत उसकी मांग पर विचार किया और कोर्ट में प्रार्थना पत्र भेज दिया, ताकि उसे एक सरकारी वकील मिल सके। जेल प्रशासन का कहना है कि किसी भी बंदी को कानूनी सहायता दिलाना उनका दायित्व है। यदि कोई आधिकारिक रूप से सरकारी वकील की मांग करता है, तो उसे यह सुविधा दी जाती है। जेल में मुस्कान खुद को छुपाकर रखने की कोशिश कर रही है। वह साहिल के साथ रहना चाहती थी, लेकिन जेल के नियमों के अनुसार पुरुष और महिला बंदियों को अलग-अलग रखा जाता है, इसलिए उसकी यह मांग खारिज कर दी गई।

### नशे की लत में बिगड़ी हालत!

सौरभ राजपूत की हत्या के आरोपी मुस्कान और साहिल दोनों को नशे की गहरी लत थी। मुस्कान और साहिल की नशे की लत छुड़ाने की प्रक्रिया को लेकर जेल प्रशासन ने जानकारी साझा की है। वरिष्ठ जिला अधीक्षक डॉ। वीरेश के अनुसार, जेल में आने वाले हर नए बंदी का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत जब मुस्कान और साहिल की जांच की गई, तो पता चला कि वे नशे के आदी हैं। चिकित्सकों ने तत्काल उनकी चिकित्सा शुरू कर दी। अब दोनों को नशा मुक्ति के लिए दवाइयां दी जा रही हैं।

## इजरायली हमले में हमास नेता की मौत, गाजा में जमीनी अभियान तेज

एजेंसी । गाजा

इजरायल के हवाई हमले में हमास के वरिष्ठ नेता सलाह अल बरदावील की मौत हो गई। हमास ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि हमला उस समय हुआ जब बरदावील अपनी पत्नी के साथ प्रार्थना कर रहे थे। मिसाइल ने उनके टेंट शेल्टर को निशाना बनाया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि उनका मकसद हमास को सैन्य और राजनीतिक ताकत के रूप में समाप्त करना है। इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के घातक हमले के जवाब में गाजा में सैन्य अभियान शुरू किया था। इजरायली सेना (IDF) ने अब गाजा के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में जमीनी हमला शुरू कर दिया है। इससे पहले इजरायली हवाई हमलों में 400 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी थी। इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने चेतावनी दी कि बंधकों को छोड़ा जाए, वरना हमास का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा।

## इंटरनेशनल फैशन डिजाइनर ने जयपुर टाइम्स फैशन वीक में शोकेस किया लेटेस्ट कलेक्शन

एजेंसी । जयपुर

ग्लोबल फैशन प्लेटफॉर्म्स पर अपनी बेहतरीन कारीगरी का जलवा बिखेर चुकी गुलाबी नगरी की इंटरनेशनल फैशन डिजाइनर वर्षा सेठी ने जयपुर टाइम्स फैशन वीक में अपना लेटेस्ट कलेक्शन ₹शहर₹ शोकेस किया। होटल जयपुर मैरियट में आयोजित किए गए इस फैशन शो में 28 नामचीन मॉडल्स ने वर्षा सेठी के इस नायाब कलेक्शन में शामिल किए गए गारमेंट्स पहनकर कैटवॉक की। इन परिधानों पर जयपुर के कल्चरल हेरिटेज के साथ ही आम जनजीवन की झलक नजर आई। इस फैशन सीक्वेंस की कोरियोग्राफी इंटरनेशनल फैशन डायरेक्टर लोकेश शर्मा ने की। फैशन डिजाइनर वर्षा सेठी ने बताया कि ट्रेडिशनल क्राफ्ट्समैनशिप और कंटेम्परारी डिजाइन्स पर महारत रखने के साथ ही वे समय-समय पर नए प्रयोग भी करती हैं, ताकि फैशन प्रेमियों को नयापन मिल सके। जयपुर के आर्किटेक्चर से प्रभावित उनके कलेक्शन में ₹शहर₹ में गुलाबी नगर के वर्तमान और पूर्व के राजसी वैभव को रॉयल जरी वीविंग के साथ सॉफ्ट टेक्चर



के मूंगा सिल्क फैब्रिक पर तैयार कर प्रदर्शित किया, वहीं टैराकोटा और मैरीगोल्ड कलर्स में रंगे गए फैब्रिक्स पर उन्होंने चाय की गरमाहट और फूलों की सुंदरता को दर्शाया है। इस कलेक्शन में भारतीय संस्कृति के अनुरूप ड्रेप्ड साड़ीज, प्लाजो पैंट्स, जैकेट्स आदि परिधानों में परंपराओं और आधुनिकता का संगम नजर आया जो कि अंतरराष्ट्रीय फैशन लेवल पर जयपुर की एक अलग पहचान दिलाता है।

## जज के घर मिले नोटों के बंडल, न्यायपालिका की साख पर सवाल: संजय सिंह

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर करोड़ों रुपये के नोट मिलने के मामले ने न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर दिया है। आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद संजय सिंह ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सिर्फ नोटों के बंडल नहीं, बल्कि न्यायपालिका की साख जल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में कई न्यायिक फैसले विवादों में रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि इस मामले में किसी केस के फैसले के बदले लेनदेन हुआ हो।



### जज से इस्तीफे की मांग

संजय सिंह ने संसद में इस मामले पर चर्चा कराने की मांग की और कहा कि जब तक संबंधित जज पद पर बने रहेंगे, निष्पक्ष जांच संभव नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ₹अगर आम लोगों के घर से इतनी बड़ी रकम बरामद होती, तो उन्हें फौरन जेल भेज दिया जाता, लेकिन जज के मामले में सवाल उठाए जा रहे हैं।

### कैसे हुआ खुलासा?

यह मामला तब सामने आया जब आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। चर्चा यह भी है कि यह धनराशि एक रिटायर्ड जज से जुड़ी हो सकती है और किसी केस के सिलसिले में लेनदेन का हिस्सा हो सकती है।

# वक्फ के खिलाफ पटना में AIMPLB का 26 मार्च को प्रोटेस्ट

**नीतीश सहित इन नेताओं को भेजा आमंत्रण**

एजेंसी । पटना

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) के नेतृत्व में बिहार के कई मुस्लिम संगठनों ने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। यह प्रदर्शन 26 मार्च, 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पटना के गर्दनी बाग में होगा। एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता डॉ सैयद कासिम रसूल इलियास ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पटना में 26 मार्च होने वाले AIMPLB के प्रोटेस्ट के लिए बिहार सीएम नीतीश कुमार इनवाइट किया गया है। इस प्रोटेस्ट में शामिल होने के लिए बोर्ड ने JDU, लोकजनशक्ति पार्टी, RJD और कांग्रेस न्योता दिया गया है। बता दें कि दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम से पहले AIMPLB ने पटना और इसी तरह से विरोध प्रदर्शन को लेकर तेलगु देशम, वाइआरएस कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों को न्योता भेजा गया है। बोर्ड की ओर से देशव्यापी प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। बोर्ड की ओर से हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है।




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की। (AIMPLB) के कार्यालय सचिव मोहम्मद वकार उद्दीन लतीफी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 1'7 मार्च को दिल्ली में एक बड़े और सफल विरोध प्रदर्शन के बाद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।'

### सम्मेलन, सेमिनार, संगोष्ठी और धरने होंगे आयोजित

बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने एक विस्तृत राष्ट्रव्यापी आंदोलन योजना तैयार की है जिसके तहत सभी राज्यों की राजधानियों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। एआईएमपीएलबी ने कहा, 'हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, मलेरकोटला (पंजाब) और रांची में प्रमुख रैलियां आयोजित की जाएंगी। अभियान में धरना-प्रदर्शन, मानव श्रृंखला और सोशल मीडिया अभियान, विशेष रूप से एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हैशटैग अभियान शामिल होंगे।'

### वक्फ बोर्ड विधेयक को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा, 'अल्लाह की कृपा और इन समूहों के एकजुट समर्थन के बिना, दिल्ली के प्रदर्शन की सफलता संभव नहीं होती।' उन्होंने विपक्षी दलों और सांसदों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने न केवल बड़ी संख्या में भाग लिया, बल्कि प्रस्तावित कानून को दृढ़ता से खारिज कर दिया। बयान में कहा गया है कि AIMPLB की 31 सदस्यीय एक्शन कमेटी ने सभी संवैधानिक, कानूनी और लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया है। इस विधेयक को 'विवादास्पद, भेदभावपूर्ण और नुकसानदेह' करार देते हुए इसका 'विरोध' किया जाएगा।

### विभिन्न राजनीतिक दलों से समर्थन करने की अपील

बयान में कहा गया है, 'विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा सांसदों को चालू संसद सत्र में भाग लेने के लिए व्हिप जारी करने के बावजूद, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विपक्षी सदस्यों को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया है।' बयान के अनुसार, पटना में बिहार के मुख्यमंत्री सहित जेडी( यू), आरजेडी, कांग्रेस और लोक जनशक्ति पार्टी के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इसी तरह, आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), वाईएसआर कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी दलों को निमंत्रण भेजा गया है।'

**चंडीगढ़ हैंडग्रेनेड मामला**

# NIA ने दाखिल की चार्जशीट, कई बड़े राज का खुलासा

एजेंसी । चंडीगढ़

चंडीगढ़ हैंडग्रेनेड मामले में रविवार को चार्जशीट दाखिल कर दी है। खास बात ये है कि चार्जशीट में बड़ा खुलासा करते हुए ये कहा गया है कि धमाके के लिए प्रयोग किया गया हैंडग्रेनेड पाकिस्तान में तैयार किया गया था। चार्जशीट में और भी कई बड़ी बातें सामने आई हैं। सितंबर 2024 में ऑटो रिक्शा से आए आरोपियों ने हैंडग्रेनेड से एक कोठी में हमला कर दहशत फैला दी थी। बता दें कि पिछले साल 10 सितंबर 2024 को जिले के सेक्टर 10 में ऑटो से कुछ लोग एक कोठी के पास ऑटो से पहुंचे थे। वह खतरनाक हथियारों से लैस थे। उन्होंने कोठी में हैंडग्रेनेड से हमला किया था। इस दौरान हाउस नंबर 575 में घर के शीशे भी टूट गए थे। चार्जशीट में यह भी बात है कि पाकिस्तान में बना HG84 हैंडग्रेनेड काफी घातक था। पाकिस्तान में बैठा आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा और यूएसए गैंगस्टर हैप्पी पासिंया ने इस ऑपरेशन को ऑपरेट किया था। दोनों आतंकियों ने मिलकर चंडीगढ़ स्थित कोठी में ग्रेनेड हमला करवाया था।




### निशाने पर पंजाब के रिटायर्ड एसपी

एनआई के मुताबिक टीम की जांच के मुताबिक पाक के निशाने पर पंजाब के रिटायर्ड एसपी हो सकते हैं। वह आतंकवाद मामले की जांच कर रहे हैं। इसी कारण उनके बंगले पर हमला किया गया था। इससे पहले भी 2023 में भी आतंकियों ने इसी कोठी पर हमला करने की साजिश रची थी। कोठी की रेकी भी की गई थी लेकिन वे अपने इरादों में कामयाब नहीं हो सके थे।